UPHIN/2011/39718 (डिजिटल संस्करण) बुन्देलखण्ड का सबसे दबंग अखबार



संजय श्रीवास्तव
प्रधान सम्पादक
7905027565
9415055318

# दैनिक यंग भारत

निष्पक्ष नज़र निर्भीक खबर

Digital Edition

यंग भारत वेब न्यूज़

सहयोगी प्रकाशन/प्रसारण
दैनिक वास्तविक समाज वाद-लखनऊ
प्रमुख उर्दू दैनिक तामीरे नौ -लखनऊ

वर्ष-14 अंक-183 कीर्ति शेष रामेश्वर दयाल श्रीवास्तव (लम्बरदार) की स्मृति में उरई (जालौन) सोमवार 15 जून 2026 youngbharatE-paper.com

## महाराज सुहेलदेव होते तो अयोध्या में राम मंदिर कभी नहीं टूटता'

### सीएम योगी बोले- हमने 500 साल इंतजार किया



संजय श्रीवास्तव
प्रधान सम्पादक



( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊः** सीएम योगी ने गोरखपुर के चिल्लूपार विधानसभा क्षेत्र को 300 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की सौगात दिया। इनमें 319 परियोजनाएं हैं। महुआपार के गांधी इंटर कालेज में आयोजित कार्यक्रम में 152.21 करोड़ की लागत से तैयार 122 परियोजनाओं का लोकार्पण किया और 143.25 कराड़ की लागत से बनने वाली 197 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास किया। सीएम योगी इससे पहले वाराणसी और आजमगढ़ में थे।

सीएम योगी ने कहा मैं मानता हूं, महाराज सुहेलदेव होते, अयोध्या में राम मंदिर कभी नहीं टूटता, और महाराज सुहेलदेव नहीं थे, हम विभाजित थे, मंदिर टूटा। 500 वर्षों तक हम इंतजार करते रहे। संघर्ष करते रहे, युद्ध पीढ़ी दर पीढ़ी बदलती गई, वर्ष दर वर्ष बदलते गए, अयोध्या में राम मंदिर नहीं बन पाया। मोदी के आने के बाद ये डबल इंजन सरकार ने 500 वर्षों की समस्या का समाधान किया और अयोध्या में भगवान राम का भव्य मंदिर का निर्माण हुआ। क्या ये काम समाजवादी पार्टी कर पाती? सीएम योगी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार आई और आज अयोध्या में भगवान राम का भव्य मंदिर बन गया। यह काम कांग्रेस और सपा नहीं कर पाती। उन्होंने कहा विकास का प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़े, यही प्रदेश की पहचान हो गई है। सीएम योगी ने कहा कि 500 साल पहले जिस अयोध्या धाम में हम पीड़ित थे। वर्ष दर वर्ष बीतते गए संघर्ष नहीं थमा। डबल इंजन की सरकार आई, आज अयोध्या में भगवान राम का भव्य मंदिर बन गया। यह काम कांग्रेस और सपा नहीं कर पाती। सीएम योगी ने कहा कि ये धरा मां सरयू के आंचल में है। अत्यंत उर्वरा भूमि है। यहां का नौजवान देश व दुनिया में जहां कहीं भी गया। उसने अपनी प्रतिभा व परिश्रम का लोहा मनवाया है। एक समय था बाढ़ की त्रासदी व कनेक्टिविटी के अभाव में यह क्षेत्र पलायन करता था। लोगों को सुविधा के अभाव में विदेशों में जाना पड़ता था। अब आपके चुने विधायक व सांसद डबल इंजन सरकार की ताकत से विदेशों में काम कर रहे लोगों को यहां रोजगार का अवसर देने जा रहे हैं। धुरियापार में पहले हमने पराली से सीबीजी का प्लांट लगाया। ईरान-अमेरिका युद्ध के बीच भी हमारे पास सीएनजी है, एथेनाल है तो प्रभाव नहीं पड़ा है। यही नया भारत है जो गरीबों का कल्याण करता है, सुरक्षा का व्यापक माहौल देता है और माफिया को मिट्टी में मिलाने का काम भी कर देता है। सीएम योगी ने कहा कि कोई सोचता था कि 2017 से पहले धुरियापार में सीबीजी का प्लांट लगेगा। यहां हम ग्रेटर गीडा बनाने जा रहे हैं। अभी से हजारों करोड़ के प्रस्ताव आ गए हैं। जिन्हें उद्योगों के रूप में स्थापित होगा। यहां सीमेंट की फैक्ट्री लगने जा रही है। एक पावर प्लांट, एक आधुनिक पेंट और अत्याधुनिक डिस्टिलरी भी लगने जा रही है। जिसमें दवा भी बनेगी। भारी पैमाने पर निवेश के प्रस्ताव मिल रहे हैं। विशाल चौबे नवभारतटाइम्स ऑनलाइन में कार्यरत हैं। विशाल उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड की राजनीति, क्राइम, शासन और व्यवस्था समेत अन्य मुद्दों की खबरें लिखते हैं। पत्रकारिता के क्षेत्र में 4 साल का अनुभव हासिल कर चुके हैं। उन्होंने अप्रैल 2025 में नवभारत टाइम्स ऑनलाइन ज्वॉइन किया था। विशाल चौबे ने टाइम्स ग्रुप से पहले लाइव यूपी न्यूज 24 और दैनिक भास्कर में काम किया है।

## सिपाही और दरोगा चला रहे थे लुटेरों का गिरोह, निवेश पर रकम दोगुनी करने का लालच देकर करते थे लूट, 4 अरेस्ट



( यंग भारत न्यूज )

चिनहट की कमता चौकी पर तैनात सिपाही और सीआरपीएफ का एक दरोगा मिलकर ठगों और लुटेरों का गिरोह चला रहे थे। ये रुपये दोगुना करने का लालच देकर लोगों को फंसाते, फिर उन्हें सुनसान जगह बुलाकर लूट लेते।

एक लूट केस की जांच में पुलिस ने इस गिरोह का भंडाफोड़ कर सिपाही पूरन सिंह समेत चार को गिरफ्तार किया है। सिपाही को सस्पेंड कर उसके खिलाफ विभागीय जांच शुरू की गई है। पुलिस अब सीआरपीएफ के दरोगा जयप्रकाश, उसके साथी आनंद दुबे और अन्य सदस्यों को तलाश रही है। डीसीपी पूर्वी डॉ. दीक्षा शर्मा ने बताया कि वृंदावन कॉलोनी निवासी प्रभाकर सिंह ने 11 जून को चिनहट कोतवाली में एफआईआर दर्ज करवाई थी। इसके मुताबिक, उनके भाई दिवाकर सिंह और दोस्त अनूप शुक्ला का परिचय सीआरपीएफ के दरोगा जयप्रकाश यादव से था। उसने एक कंपनी में निवेश पर रकम दोगुनी होने का लालच दिया और दोनों को पांच लाख रुपये के साथ चिनहट बुलाया। वहां जय प्रकाश और उसके साथियों ने दोनों को अगवा कर रकम लूट ली थी। पुलिस ने जांच के दौरान सर्विलांस के आधार पर सिपाही पूरन सिंह, गोरखपुर निवासी जावेद हुसैन और आसिफ और संतकबीरनगर निवासी प्रवेश त्रिपाठी को दबोचा। उनके पास से 1.25 लाख रुपये नकद और वारदात में इस्तेमाल दो कार बरामद हुई हैं। इंस्पेक्टर चिनहट दिनेश चंद्र मिश्रा ने बताया कि राजस्थान निवासी पूरन सिंह यूपी पुलिस में सिपाही है और कमता चौकी में तैनात है। पूरन और जयप्रकाश ही मिलकर गिरोह चला रहे थे। पुलिस के मुताबिक, यह गिरोह कई लोगों को शिकार बना चुका है। ये लोग निवेश के नाम पर लोगों से रुपये मंगवाते। कोई आसानी से रुपये न देता तो लूट लेते। विरोध पर खुद को पुलिस और एजेंसियों का अफसर बताकर धमकी भी देते थे, ताकि पीड़ित शिकायत न करे।

## सुर्खियां.............

### माइनर पुलिया की रेलिंग क्षतिग्रस्त होने से हादसों की बढ़ी आशंका

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई ।** चुर्खी-बाबई मार्ग से काशीपुरा गांव को जोड़ने वाले संपर्क मार्ग पर स्थित माइनर की पुलिया की रेलिंग लंबे समय से टूटी पड़ी है। रेलिंग क्षतिग्रस्त होने के कारण यहां से गुजरने वाले वाहन चालकों और राहगीरों को दुर्घटना का खतरा बना हुआ है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से पुलिया की रेलिंग का शीघ्र निर्माण कराए जाने की मांग की है।

### दहेज की वलिवेदी पर गर्भवती विवाहिता की संदिग्ध मौत, ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप

( यंग भारत न्यूज )

**माधौगढ़ रामपुरा।** दहेज की मांग पूरी न होने के कारण गर्भवती महिला की हत्या कर फांसी पर लटका दिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। प्राप्त विवरण के अनुसार थाना रामपुरा क्षेत्र के ग्राम सिलउवा बुजुर्ग में एक गर्भवती विवाहिता महिला शव संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी पर लटका मिला है।

### कोचिंग से लापता हुई नाबालिग किशोरी को पुलिस ने सकुशल किया बरामद

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** कोतवाली क्षेत्र के एक मुहल्ला की रहने बाली लगभग 14 वर्षीय नाबालिग किशोर रोज की तरह अपनी जुड़ावा बहिन के साथ नगर के ही एक कोचिंग सेंटर पर पड़ने गयी ।कोचिंग की छुट्टी हो जाने के बाद दोनो बहिने सेंटर से बाहर निकली एक बहन तो घर पहुंच गयी लेकिन दूसरी घर नही पहुंची। दो घंटा से अधिक समय बीत जाने के बाद घर बालो की चिंता बढी तथा बेटी की खोज की जव बेटी का कही पता नही चला तो बगैर देरी किए पूरे मामले की जानकारी परिजनो ने कोतवाली पुलिस को दी।

## अखिलेश की बेटी पर आपत्तिजनक कमेंट के खिलाफ सीएम योगी का सख्त रुख, डिंपल यादव बीजेपी को बता रहीं दोषी

( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊः** समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव की बेटी अदिति पर सोशल मीडिया पर की गईं आपत्तिजनक टिप्पणियों को लेकर यूपी के मुख्यमंत्री योगी ने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई किए जाने की बात कही है, लेकिन अखिलेश यादव की पत्नी और मैनपुरी की सपा सांसद डिंपल यादव का कहना है कि अदिति पर बीजेपी के लोगों ने ही कमेंट करवाए हैं। अखिलेश यादव ने कहा है कि इस मामले के दोषियों को ढूंढने में पुलिस यदि अक्षम है तो वे मदद कर सकते



डिंपल यादव ने अपनी बेटी पर आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में पहली बार प्रतिक्रिया दी। उन्होंने शनिवार को लखनऊ में पार्टी के एक नेता के कार्यक्रम में कहा, अदिति बिटिया के लिए बयानबाजी पर भाजपाई कह रहे हैं कि वे इससे बहुत परेशान हैं। वे लोग आप लोगों को बरगला रहे हैं। यह बयानबाजी भाजपा के लोगों ने ही कराई है। उन्होंने कहा कि, राम मंदिर चोरी के मुद्दे से ध्यान भटकाने के लिए यह मामला उछाला गया है। लेकिन हमें ध्यान नहीं भटकाना है। अखिलेश यादव ने अदिति पर अपमानजनक टिप्पणी को लेकर एक्स पर लिखा- 'इस षड्यंत्र का मूल दूर नहीं है, इसलिए सच में कार्रवाई करने के लिए कहीं दूर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। यदि दोषी के बारे में पता करने में पुलिस अक्षम तो हम सहायता कर दें।' सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव और डिंपल यादव के यह बयान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के उस बयान के बाद आए जिसमें उन्होंने कहा था- बेटी, बेटी होती है, उसका सम्मान होना चाहिए। समाजवादी पार्टी प्रमुख की बेटी के खिलाफ कुछ लोगों ने गलत टिप्पणी की थी। मैंने तत्काल पुलिस से कहा कि एफआईआर दर्ज करो। बेटी के खिलाफ कोई भी टिप्पणी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सीएम योगी आदित्यनाथ के इस बयान पर ही डिंपल और अखिलेश ने पलटवार किया मुख्यमंत्री योगी ने अदिति पर अशोभनीय कमेंट किए जाने की निंदा की और साथ ही अखिलेश यादव को निशाना भी बनाया। उन्होंने कहा कि, हम तो उस संस्कार में पले-बढ़े हैं, जहां कहा जाता है कि गांव की बेटी सबकी बेटी होती है, गांव की बहन सबकी बहन होती है। हमने कोई भेदभाव नहीं किया। अखिलेश जी दूसरों को उपदेश देते हो, तो अपने चेलों-चपाटों को भी उपदेश दे दो कि वे अपनी भाषा पर थोड़ा संयम रखें। टिप्पणी करने से पहले खुद भी सोच लिया करें। डिंपल यादव ने योगी के बयान को लेकर उन्हें निशाना बनाया। उन्होंने कहा कि हाथरस में बिटिया को जला दिया जाता है, तब ये लोग (बीजेपी) सामने नहीं आते। कानपुर में एक बेटी के पिता को थाने में पीट-पीटकर मार दिया गया, लेकिन तब इन लोगों ने कुछ बोला? इतनी जघन्य घटनाएं हो जाती हैं, लेकिन बीजेपी का एक भी नेता सामने नहीं आता है। उन्होंने कहा कि ध्यान भटकाने की जरूरत नहीं है। धैर्य के साथ लक्ष्य की तरफ बढ़ें और पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) की लड़ाई को मजबूत करें।

# जिले के प्रभारी मंत्री संजय गंगवार ने रगोली में जन चौपाल के बीच बेहिचक कर दिया चुनाव का शंखनाद

### मंत्री का कड़ा फरमान- तीन दिनों में अधिकारी करेंगे जनता की समस्याओं का निदान

(प्रधान सम्पादक)

( यंग भारत न्यूज )

**उरई!** भले ही विधानसभा चुनाव 2027 में भले ही केंद्र या राज्य के किसी भी बड़े नेता ने उत्तर प्रदेश के चुनाव को लेकर कोई जनसभा में अभी घोषणा न की हो लेकिन इसमें बाजी मारते हुए जालौन जिले के प्रभारी मंत्री एवं प्रदेश के गन्ना विकास राज्य मंत्री संजय गंगवार ने बीती रात ग्राम रगौली की जन चौपाल में चुनावी शंखनाद कर दिया उन्होंने जन समस्याएं सुनने के बाद ग्रामीणों से कहा कि आप की समस्याओं को जिला अधिकारी और पुलिस अधीक्षक जो इस मंच पर बैठे हुए हैं वह तीन दिनों में आपने जो समस्याएं बताई हैं उसका निदान वे कर देंगे इसके बाद वे चुनावी रो में आ गई भले ही चुनाव 2027 में होना हो लेकिन उन्होंने प्रदेश में सबसे पहले इस ग्रामीण चौपाल में चुनाव का शंखनाद करते हुए लोगों से पहले तीन बार भारत माता की जय का नारा लगवाया फिर वंदे मातरम का नारा लगवाया फिर इसके बाद लोगों से कहा गाजियाबाद में एक युवक ने बकरीद के दिन हिंदू समाज के एक युवक की यह कहते हुए अपने तीन साथियों के साथ चाकू मार कर हत्या कर दी आओ तुम्हें दिखाऊँ बकरा कैसे हलाल किया जाता है लेकिन हिंदू हृदय सम्राट मुख्यमंत्री इस प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने मामले को बहुत गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधिकारियों को आदेश दिया



और एक मुठभेड़ में हिंदू युवक की हत्या करने वाला अल्पसंख्यक समुदाय के आरोपी युवक को एक पुलिस मुठभेड़ में मार गिराये गया उन्होंने कहा कि देखा हमारे मुख्यमंत्री प्रदेश की जनता के साथ कैसे न्याय करते हैं मंत्री श्री गंगवार ने कहा जब जब हमारा समाज कमर कसके एक जुट होकर खड़ा हुआ तो पहले हमने हरियाणा विधानसभा का चुनाव जीता फिर दिल्ली विधान सभा का चुनाव जीता उसके बाद महाराष्ट्र विधानसभा का चुनाव जीता फिर बिहार विधानसभा चुनाव जीता फिर बंगाल जीता जो कठिन चुनाव था जो हिंदू समाज की एकता के कारण जीत गया उन्होंने कहा भारतीय जनता पार्टी पूरे हिंदू समाज का चाहे वह गरीब हो या अमीर हो उसके हितों का ध्यान देती है लेकिन समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव केवल जालीदार टोपियों का ध्यान रखते हैं वह समझते हैं कि उन्हें उन्हें भरम है कि हमारी सरकार सिर्फ जालीदार टोपिया ही बनवा देंगी मैं आज इस मंच से घोषणा कर रहा हूं कि समाजवादी पार्टी को आगामी विधानसभा चुनाव में 2027 के विधानसभा चुनाव में 27 सीटें ही मिल जाए तो बहुत है इस दौरान उन्होंने लाभार्थियों को मोबाइल आवास और तमाम तरह योजनाओं का लाभ दिया इस अवसर पर सदर विधायक गौरी शंकर वर्मा माधवगढ़ विधायक मूलचंद निरंजन जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम अनुरागी जल शक्ति मंत्री के प्रतिनिधि अरविंद सिंह चौहान कालपी विधायक विनोद चतुर्वेदी के प्रतिनिधि आशीष चतुर्वेदी एमएलसी रमा निरंजन के प्रतिनिधि आर पी निरंजन डीएम राजेश कुमार पांडे एसपी विनय कुमार सिंह गरिमा पाठक विनोद अहिरवार भाजपा जिला महा मंत्री विवेक कुशवाहा बूथ अध्यक्ष नागेंद्र कुलश्रेष्ठ अरुण प्रताप सिंह राजू टिमरो रेखा वर्मा शीतल सेंगर संजीव उपाध्याय पुष्पेंद्र सिंह सेंगर ग्राम रगोली प्रधान बलराम सिंह पाल आदि सैंकड़ो लोग मौजूद रहे ।

# गंगा-जमुना क्षेत्रीय गहोई वैश्य सभा का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न



**माधौगढ़**- नगर के अमृता पैलेस सभागार में गंगा-जमुना क्षेत्रीय गहोई वैश्य सभा का भव्य शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। समारोह में बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य नागरिकों, पदाधिकारियों एवं युवाओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष श्यामबिहारी गुप्ता रहे, जबकि अध्यक्षता अखिल भारतीय गहोई वैश्य महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामगोपाल छिरौलया 'डल्लू भइया' ने की। विशिष्ट अतिथियों में राष्ट्रीय महामंत्री दीपक सांवला, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष मोहन कनकने तथा विधायक मूलचंद निरंजन उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान नवनिर्वाचित अध्यक्ष रघुवीर शरण महतेले 'राजू' को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। इसके साथ ही सभा की समस्त कार्यकारिणी के पदाधिकारियों ने भी शपथ ग्रहण की। समारोह में गंगा-जमुना क्षेत्रीय गहोई वरिष्ठ संघ, महिला सभा तथा नवयुवक मंडल के पदाधिकारियों का भी शपथ ग्रहण संपन्न कराया गया। इस अवसर पर सभागार में समाज की एकजुटता और संगठनात्मक मजबूती का उत्साह देखने को मिला।

मुख्य अतिथि श्यामबिहारी गुप्ता ने कहा कि गहोई समाज देश के करदाताओं में अग्रणी है तथा सामाजिक और धार्मिक कार्यों में भी सबसे अधिक सहयोग करता है। ऐसे में समाज के प्रत्येक व्यक्ति को अपनी पहचान और परंपराओं पर गर्व होना चाहिए। उन्होंने समाज की नई कार्यकारिणी को शुभकामनाएं देते हुए सामाजिक समरसता और सेवा कार्यों को आगे बढ़ाने का आह्वान किया।

अध्यक्षीय उद्बोधन में राष्ट्रीय अध्यक्ष रामगोपाल छिरौलया 'डल्लू भइया' ने कहा कि गहोई समाज देश के बड़े संगठित समाजों में शामिल है, लेकिन राजनीतिक क्षेत्र में उसे अपेक्षित प्रतिनिधित्व नहीं मिल पाया है। उन्होंने समाज के लोगों से राजनीतिक रूप से भी अपनी ताकत प्रदर्शित करने का आह्वान किया। साथ ही चित्रकूट भवन के निर्माण को समाज की सामूहिक जिम्मेदारी बताते हुए प्रत्येक व्यक्ति से प्रतिदिन एक रुपये के सहयोग का संकल्प लेने का आग्रह किया, ताकि भवन को भव्य स्वरूप प्रदान किया जा सके। विधायक मूलचंद निरंजन ने कहा कि गहोई समाज का उन्हें तथा भारतीय जनता पार्टी को सदैव भरपूर समर्थन मिलता रहा है। उन्होंने आश्वस्त किया कि समाज के हितों और विकास के लिए वह हर समय सहयोग के लिए तत्पर रहेंगे। नवनिर्वाचित अध्यक्ष रघुवीर शरण महतेले 'राजू' ने समाज के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन ने उन पर जो विश्वास व्यक्त किया है, उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे और समाज के हितों के लिए हरसंभव कार्य करेंगे।

कार्यक्रम के संयोजक अजीत बजाज एवं अंकित कस्तवार रहे, जबकि स्वागताध्यक्ष राजकिशोर गुप्ता थे। कार्यक्रम का संचालन मोहित सिपौलया ने किया। समारोह के अंत में सभी अतिथियों का सम्मान किया गया।

## दहेज की वलिवेदी पर गर्भवती विवाहिता की संदिग्ध मौत, ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप

( यंग भारत न्यूज )



**माधौगढ़ रामपुरा।** दहेज की मांग पूरी न होने के कारण गर्भवती महिला की हत्या कर फांसी पर लटका दिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। प्राप्त विवरण के अनुसार थाना रामपुरा क्षेत्र के ग्राम सिलउवा बुजुर्ग में एक गर्भवती विवाहिता महिला शव संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी पर लटका मिला है। मृतका के पिता ने ससुराल पक्ष पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने तथा मारपीट कर फांसी पर लटकाकर हत्या करने का आरोप लगाते हुए थाना रामपुरा में तहरीर दी है। पुलिस ने मामले में पति समेत चार लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, झांसी जनपद के थाना समथर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम धींगपुरा निवासी अनिल कुमार पुत्र हरपे जाटव ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उन्होंने लगभग दो वर्ष पूर्व अपनी पुत्री मुस्कान की शादी रामपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम सिलौवा बुजुर्ग निवासी मनोज कुमार पुत्र सुरेश जाटव के साथ हिन्दू रीति-रिवाज के अनुसार संपन्न कराई थी। विवाह के दौरान अपनी सामर्थ्य के अनुसार दहेज भी दिया गया था। आरोप है कि विवाह के कुछ समय बाद ही पति मनोज कुमार, ससुर सुरेश, सास अन्नपूर्णा तथा ननद प्रियंका अतिरिक्त दहेज में नकद रुपये और मोटरसाइकिल की मांग करने लगे। मांग पूरी न होने पर मुस्कान को लगातार मानसिक एवं शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जाने लगा। मृतका के पिता का कहना है कि उन्होंने रिश्तेदारों के माध्यम से कई बार ससुराल पक्ष को समझाने का प्रयास किया, लेकिन स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ। जानकारी के अनुसार मृतका मुस्कान की दो वर्षीय एक पुत्री है तथा वह वर्तमान में गर्भवती भी थी। आरोप है कि 13 जून 2026 को ससुराल पक्ष के लोगों ने पहले मुस्कान के साथ मारपीट की और बाद में उसे फांसी पर लटका दिया। परिजनों ने इसे सुनियोजित हत्या बताते हुए आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। मृतका के पिता ने यह भी आरोप लगाया है कि ससुराल पक्ष पर पहले भी परिवार की एक बहू की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का आरोप लग चुका है। हालांकि, इस संबंध में पुलिस द्वारा आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। थाना रामपुरा पुलिस ने अनिल कुमार की तहरीर के आधार पर पति, सास, ससुर और ननद के खिलाफ मुकदमा अपराध संख्या 0043/2026 भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 80(2) एवं 85 तथा दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3 व 4 के तहत मुकदमा पंजीकृत किया है। क्षेत्राधिकारी माधौगढ़ अंबुज यादव ने बताया कि ग्राम सिलउआ बुजुर्ग में एक महिला का शव फांसी पर लटका मिला है, मृतका के मायके पक्ष से प्राप्त तहरीर के आधार पर अभियोग पंजीकृत किया गया है। मामले की गहन जांच की जा रही है तथा पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## कोचिंग से लापता हुई नाबालिग किशोरी को पुलिस ने सकुशल किया बरामद

### पुलिस की तत्परता की चारोंओर प्रशंसा

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** कोतवाली क्षेत्र के एक मुहल्ला की रहने बाली लगभग 14 वर्षीय नाबालिग किशोर रोज की तरह अपनी जुड़ावा बहिन के साथ नगर के ही एक कोचिंग सेंटर पर पड़ने गयी ।कोचिंग की छुट्टी हो जाने के बाद दोनो बहिने सेंटर से बाहर निकली एक बहन तो घर पहुंच गयी लेकिन दूसरी घर नही पहुंची। दो घंटा से अधिक समय बीत जाने के बाद घर बालो की चिंता बढी तथा बेटी की खोज की जव बेटी का कही पता नही चला तो बगैर देरी किए पूरे मामले की जानकारी परिजनो ने कोतवाली पुलिस को दी ।सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आयी तथा प्रभारी निरीक्षक बृजेश बहादुर सिंह ने लडकी के मोवाइल की लोकेशन ट्रेस की इतना ही नही पुलिस ने लोकेशन के हिसाब से लडकी का पीछा किया ।पुलिस को उक्त नाबालिग लड़की उरई रोड स्थित एक गांव के पास पैदल जाती दिखी पुलिस ने बगैर देरी किया महिला सिपाही की मदद से उसे पकड लिया ।पुलिस की तत्परता से लडकी को सकुशल बरामद कर लिया गया ।पुलिस की इस कार्य की सभी ने सराहना की लोगो ने कहा कि अगर पुलिस तत्परता नही दिखाती तो कोई बडी घटना घट सकती थी ।पुलिस ने बरामद लडकी को उसके माता पिता के सुपुर्द कर दिया।

## बार संघ ने विधायक, पालिकाध्यक्ष सहित सीओ अयोध्या को सम्मानित किया





( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** क्षेत्र के ग्राम तीतरा में विधायक मूलचंद्र निरंजन द्वारा आयोजित कराए गए माधोगढ़ विधानसभा प्रीमियर लीग नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट की सफलता पर बार संघ कोंच द्वारा रविवार को मुंसिफ कोर्ट परिसर में विधायक,पालिकाध्यक्ष सहित सीओ अयोध्या का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। बार संघ अध्यक्ष जितेंद्र सिंह गुर्जर की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में विधायक मूलचंद्र निरंजन मुख्य अतिथि एवं पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, सीओ अयोध्या अनिरुद्ध सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बार संघ अध्यक्ष सहित उपस्थित अधिवक्ताओं ने विधायक सहित सभी अतिथियों का माल्यार्पण और पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। विधायक ने मुंसिफ कोर्ट के गेट किनारे पौधा रोपकर पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रेरित किया। समारोह में विधायक ने कहा कि पीएम मोदी एवं सीएम योगी द्वारा खेलकूद के माध्यम से युवाओं की प्रतिभा निखारकर युवा देश की संरचना गढ़ने का जो काम किया जा रहा है उसी कल्पना को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने यह क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन कराया है। इस आयोजन में आयोजन टीम के साथ ही विधानसभा क्षेत्रवासियों का पूरा सहयोग रहा है जिसकी अपार मेहनत के बदौलत ही टूर्नामेंट इतना सफल हो सका है। विधायक ने कहा कि जनप्रतिनिधि का दायित्व और कर्तव्य विकास कार्यों को कराने के साथ ही क्षेत्र की युवा प्रतिभाओं को मंच/मैदान उपलब्ध कराकर उनकी प्रतिभा निखारना भी होता है और वह क्षेत्रवासियों के सहयोग से इस प्रकार के खेलकूद के आयोजन प्रतिवर्ष कराते रहेंगे। इस दौरान बार संघ अध्यक्ष सहित सभी अधिवक्ताओं की मांग पर विधायक ने अधिवक्ताओं के बैठने की जगह पर नया पक्का फर्श जल्द ही डलवाए जाने का आश्वासन दिया। पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता एवं सीओ अयोध्या अनिरुद्ध सिंह ने भी क्रिकेट टूर्नामेंट के सफल आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त की और अधिवक्ताओं के हित में सदैव सहयोग के लिए तत्पर रहने का भरोसा दिलाया। अधिवक्ताओं ने पालिकाध्यक्ष से मुंसिफ परिसर में पेयजल हेतु वॉटर कूलर स्थापित कराए जाने की मांग की जिसको लेकर पालिकाध्यक्ष ने शीघ्र ही कार्यवाही पूरी करने की बात कही। अंत में अधिवक्ताओं द्वारा अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया ।कार्यक्रम का संचालन नरसिंह गहरवार एड. ने किया जबकि आभार बार संघ महामंत्री अभिनीत श्रीवास्तव ने व्यक्त किया।। इस मौके पर कोषाध्यक्ष सुधीर दुबे, पूर्व बार संघ अध्यक्ष ओमप्रकाश अग्रवाल, संजीव तिवारी, रविंद्र खरे, संतोष खरे, अबधेश द्विवेदी, रामकुमार खरे, पीडी रिछारिया, पूर्व महामंत्री विनोद निरंजन, गोविंद सिंह, शहजाद सिद्दीकी, राघवेंद्र निरंजन, विपिन पटेल, अरुण मिश्रा, सत्येंद्र श्रीवास्तव, उमेश व्यास, अवनीश बुटौलिया आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

## नवजात शिशुओं की देखभाल के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

### विशेषज्ञो ने दिए स्वास्थ्य संबंधी टिप्स,कहा नवजातो की सही देखभाल से बीमारी घटेगी

( यंग भारत न्यूज )





कोच नगर के मुख्य मार्ग स्थित एक भवन में शनिवार देर रात शिशु आरोग्यम के तत्वावधान में नवजात शिशुओं की देखभाल एवं स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बाल रोग विशेषज्ञों एवं चिकित्सकों ने नवजात बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य, पोषण और सुरक्षा को लेकर अभिभावकों को महत्वपूर्ण जानकारी दी ।कार्यक्रम में झांसी स्थित शिशु आरोग्यम निर्मल हॉस्पिटल से आए बाल रोग विशेषज्ञ डॉ कमलदीप सिंह ने कहा कि नवजात शिशुओं में बुखार, अत्यधिक कमजोरी, उल्टी-दस्त, सांस लेने में परेशानी या अन्य गंभीर लक्षण दिखाई देने पर अभिभावकों को लापरवाही कतई नहीं बरतनी चाहिए और तत्काल चिकित्सकीय सलाह लेनी चाहिए। उन्होंने बताया कि गंभीर रूप से बीमार नवजात शिशुओं के उपचार के लिए एनआईसीयू (नियोनेटल इंटेंसिव केयर यूनिट) जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं, जहां विशेषज्ञ चिकित्सकों की निगरानी में बच्चों का उपचार किया जाता है ।उन्होंने कहा कि जन्म के तुरंत बाद बच्चे को मां का दूध पिलाने, नियमित टीकाकरण कराने तथा साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। चिकित्सक डॉ. हेमंत यादव ने कहा कि नवजात शिशुओं के स्वास्थ्य के प्रति सजग रहना प्रत्येक अभिभावक की जिम्मेदारी है। किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तुरंत अस्पताल से संपर्क करना चाहिए ।स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. गुरप्रीत कौर ने महिलाओं के स्वास्थ्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रसव के बाद कई प्रकार की स्वास्थ्य समस्याएं सामने आती हैं। ऐसे में महिलाओं को नियमित जांच करानी चाहिए। उन्होंने कहा कि गर्भावस्था से लेकर सामान्य एवं सिजेरियन प्रसव तक विशेष चिकित्सकीय देखभाल आवश्यक होती है ताकि जच्चा बच्चा दोनों स्वस्थ रह सकें ।कार्यक्रम में रेडियोलॉजिस्ट डॉ. फुरकान अहमद ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता जताई। कार्यक्रम के आयोजक डॉ. दिनेश उदैनिया ने सभी अतिथियों एवं चिकित्सकों को पौधा भेंट कर सम्मानित किया ।इस अवसर पर नगर के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ आरबी जैन, डॉ दिलीप अग्रवाल, डॉ आनंद शर्मा, डॉ बृजेश श्रीवास्तव, डॉ रेखा श्रीवास्तव, डॉ अभिलाषा पटेल, डॉ हिमालया उदैनिया, डॉ संजीब निरंजन,अनुज पटेल, उपेंद्र पटेल, पीडी निरंजन, अखिलेश निरंजन, सतीश शुक्ला सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## केंद्र की मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर विकास खंड कार्यालय में तीन दिवसीय मेले का आयोजन

### विधायक ने फीता काटकर किया शुभारंभ

( यंग भारत न्यूज )





**कोंच** देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के लगातार 12 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित किए जा रहे कार्यक्रमों के अंतर्गत तीन दिवसीय मेले का शुभारंभ रविवार को खंड विकास कार्यालय कोंच एवं नदीगांव में हुआ दोनो कार्यक्रमो में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक मूलचंद्र निरंजन उपस्थित रहे। दोनों ब्लॉकों में आयोजित किए गए अलग-अलग मेले में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए जहां आमजन को सरकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई और आवेदन प्रक्रिया से भी उन्हें अवगत कराया गया। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना सहित पशुपालन, होम्योपैथी, बाल विकास पुष्टाहार सहित अन्य तमाम विभागों से जुड़ी योजनाएं आमजन को इन स्टॉल के माध्यम से बताई गई। विधायक ने इन सभी स्टॉलों का अवलोकन कर विभागीय कर्मियों से जानकारी ली। इस मौके पर विधायक ने कहा कि केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से संचालित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे जनजागरूकता कार्यक्रमों से आमजन को योजनाओं की सही जानकारी मिलती है और वह बगैर किसी परेशानी दौड़धूप के ही योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में मेले में पहुंचकर योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया। ब्लॉक कोंच में आयोजित मेले में लगाए गए स्वास्थ्य शिविर में विधायक ने खुद भी अपनी शुगर की जांच कराई। शिविर में चिकित्सकों ने कई लोगों की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें औषधि के साथ ही आवश्यक परामर्श दिया। इससे पहले ब्लॉक कर्मियों ने विधायक सहित ब्लॉक प्रमुख कोंच रानी देवी, ब्लॉक प्रमुख नदीगांव अर्जुन सिंह, भाजपा कोंच ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सोनू पटेल,नदीगांव मंडल अध्यक्ष अनुराग खरे,सोशल मीडिया प्रभारी कुलदीप निरंजन धनौरा,अनिल पटैल दाडी,धर्मेंद्र दुबे,आलोक खरे,सागर धंजा,अवधेश पटेल प्रधान पचीपुरी, सचिन पटेल सोनू, बीडीओ कोंच प्रशांत यादव, बीडीओ नदीगांव आदि का माल्यार्पण कर स्वागत किया।

## नरेन्द्र मोदी जी के सर्वाधिक समय तक प्रधानमंत्री बने रहने की उपलब्धि पर सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया

( यंग भारत न्यूज )



**जालौन-उरई।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के सर्वाधिक समय तक प्रधानमंत्री बने रहने की उपलब्धि पर भारत विकास परिषद प्रमुख शाखा के तत्वावधान में अखिलेश लाक्षाकार के आवास पर सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पंडित जवाहर लाल नेहरू के सर्वाधिक समय तक प्रधानमंत्री बने रहने के रिकॉर्ड को ता ेड़ते हुए उनसे अधिक समय तक प्रधानमंत्री बने रहने की उपलब्धि हासिल की है। इस उपलब्धि पर अखिलेश लाक्षाकार के आवास पर आयोजित सुंदरकांड पाठ में उपस्थितजनों ने पूरे मनोयोग व भक्ति भाव से सुंदरकांड का पाठ किया। ईश्वर से प्रार्थना की कि भारत वर्ष को प्रधानमंत्री के गौरवशाली नेतृत्व में परम वैभव प्राप्त हो। कार्यक्रम की शुरूआत प्रभु श्रीराम एवं पवनसुत हनुमानजी की आराधना के साथ हुई। इसके साथ ही सुंदरकांड के पाठ का आयोजन हुआ। इस मौके पर अनन्त गुप्ता, अनुरुद्ध विश्नोई नीटू, राजकुमार सोनी, अरविंद श्रीवास्तव, अजय श्रीवास्तव, पवन अग्रवाल, सुनील गुप्ता, सतीश सिंह सेंगर, अनिल माहेश्वरी, ऊषा गुप्ता, कंचन अग्रवाल, अनीता माहेश्वरी, किरन अग्रवाल, रश्मि विश्नोई, साधना बिलैया, पूनम लाक्षाकार, राकेश लाक्षाकार, प्रेम कुमार गुप्ता, विपुल गुप्ता रामजी, गौरव कस्तवार, पंकज अग्रवाल, अनुराग अग्रवाल, प्रमोद लाक्षाकार, सुबोध लाक्षाकार, संतोष सोनी आदि रहे।

## माइनर पुलिया की रेलिंग क्षतिग्रस्त होने से हादसों की बढ़ी आशंका

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई** ।चुर्खी-बाबई मार्ग से काशीपुरा गांव को जोड़ने वाले संपर्क मार्ग पर स्थित माइनर की पुलिया की रेलिंग लंबे समय से टूटी पड़ी है। रेलिंग क्षतिग्रस्त होने के कारण यहां से गुजरने वाले वाहन चालकों और राहगीरों को दुर्घटना का खतरा बना हुआ है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से पुलिया की रेलिंग का शीघ्र निर्माण कराए जाने की मांग की है। ग्रामीण गजेन्द्र सिंह, नेम सिंह, बलराम सिंह, हेमंत, रोशन और प्रदीप आदि ने बताया कि चुर्खी-बाबई मार्ग से काशीपुरा जाने वाला यह संपर्क मार्ग क्षेत्र के कई गांवों के लोगों के आवागमन का प्रमुख रास्ता है। इस मार्ग से प्रतिदिन बड़ी संख्या में दोपहिया और चारपहिया वाहन गुजरते हैं। पुलिया की रेलिंग टूट जाने के कारण वाहन चालकों को विशेष रूप से रात के समय काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। अंधेरे में पुलिया का किनारा स्पष्ट दिखाई नहीं देता, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों का कहना है कि बरसात का मौसम नजदीक है। ऐसे में पुलिया के आसपास फिसलन बढ़ने और दृश्यता कम होने से खतरा और अधिक बढ़ सकता है। कई बार वाहन चालक पुलिया के पास पहुंचकर असंतुलित हो जाते हैं और हादसा होने से बाल-बाल बचते हैं। इसके बावजूद अब तक टूटी रेलिंग की मरम्मत नहीं कराई गई है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि जनहित को देखते हुए पुलिया की टूटी रेलिंग का शीघ्र निर्माण कराया जाए, ताकि लोगों का आवागमन सुरक्षित हो सके और दुर्घटनाओं की आशंका समाप्त हो सके।

# कागजो पर पानी से लबालब भरा था अमृत सरोवर

## अमृत तो नहीं मिला, दो घूंट पानी को तरसकर मर गईं मछलियां

### - सूख गया करोड़ों से बना अमृत सरोवर- लोकार्पण के 4 साल बाद बदहाल

### - सड़क किनारे बने सरोवर पर भी किसी मंत्री, जनप्रतिनिधि या अधिकारी की नहीं पड़ी नजर



( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** सितंबर 2022 को कितना शोर हुआ था। वाहवाही पर वाहवाही लूटने की होड़ थी। सरकारी पन्ने पर पन्ने भरे जाने लगे। ऐसा लगा मानो सरोवर में पानी की जगह कोई विशेष पानी होगा जिसे 'अमृत' की संज्ञा दी गई। लापरवाही की हद ये है कि इस सरोवर के एक कोने में पानी बहुत अल्प मात्रा में शेष है। तालाब में पली – बढ़ीं मछलियों को जीने के लिए पानी तक नसीब नहीं हुआ। कुछ खुद मर गईं और बाकी को यहां के लोग मार कर खा गए। जब शहर के किनारे बसे सरोवर का ये हाल है तो सुदूर के सरोवरों का क्या हाल होगा ? इसे समझा जा सकता है।

सिर्फ नारे गढ़ लेने या प्रभावपूर्ण स्लोगन लिखने से प्रगति संभव नहीं है। इसके लिए धरातल पर काम होना बहुत आवश्यक है और यह कर्तव्यनिष्ठा के बगैर हरगिज संभव नहीं। राहिया अब तो उरई शहर का ही एक हिस्सा है पर अभी इसे ग्राम पंचायत का दर्जा मिला हुआ है। शहर के मुख्य मार्ग के किनारे बसे राहिया का अमृत सरोवर तो ठीक सड़क किनारे ही है। इस सरोवर के लिए मानक से कहीं अधिक बजट खर्च हुआ। अमृत अकेले नाम भर है या कोई चमत्कृत गुण ? इसे विश्लेषित कौन करेगा ? सरोवर में पलने वाले जीव जंतु उनमें भी खास तौर पर मछलियां तो दो घूँट पानी तक को तरस गईं। ग्रामीणों के कई कार्य इस पानी के भरोसे थे वे भी रुक गए। तालाब काफी बड़ा है। जब पानी से भरा था, तब इस ओर हर कोई निहार लेता था। अप्रैल के बाद से ही पानी कम होने लगा। जून में तलहटी तक सूख गई। अब एक हिस्से में इतना कम पानी बचा है कि वह कीचड़ का रूप ले चुका है। यदि गर्मी पड़ी तो दो – तीन दिन में ये हिस्सा भी सूख चुके बाकी हिस्से के रूप में अपना रूप मिला लेगा। फिर तो प्रकृति का ही सहारा होगा। बारिश होगी। तालाब भरकर मुस्कुराएगा और मछलियों सहित अन्य जीव जंतु फिर से इस ओर लौटेंगे। उधर सरकारी विभाग के कागजों में पहले से ही इबारत लिख ली जायेगी कि – 'तालाब लबालब करा लिया गया।' कहो, लिख भी लिया गया हो कि – सभी अमृत सरोवर भरे हैं। पशु – पक्षी सहित अन्य जीव – जंतु अमृत पान कर रहे हैं। 24 सितंबर 2022 को प्रदेश के उप मुख्य मंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने तत्कालीन केंद्रीय राज्य मंत्री –भानु प्रताप सिंह वर्मा, मुख्यालय विधायक– गौरी शंकर वर्मा, तत्कालीन जिलाधिकारी– चांदनी सिंह, मुख्य विकास अधिकारी –डॉ. अभय कुमार श्रीवास्तव के अलावा ग्राम विकास अधिकारी– राम विहारी वर्मा, खंड विकास अधिकारी डकोर –बृजकिशोर कुशवाहा, उपायुक्त श्रम रोजगार– अवधेश सिंह तथा ग्राम प्रधान – सरला देवी की उपस्थिति में लोकार्पण किया था। इस दौरान पूजन हुआ। तालियाँ बजीं। तमाम सब्जबाग दिखाये गए। अब हकीकत खुद ही देख लीजिए। सरकारी कागज कुछ भी कह रहे हों पर ये फोटो वास्तविकता की गवाही दे रहा है। ऐसा नहीं कि जिम्मेदार लोगों को ये दिखता न हो। देखकर भी देखना नहीं चाहा। सूखे सरोवर के लिए किसकी जिम्मेदारी मानी जाए ? प्रधान को या तो फुर्सत नहीं या फिर इसकी आवाज नहीं उठाई गई। अधिकारी, मंत्री या जनप्रतिनिधियों का ये दायित्व नहीं कि वे सूखे तालाबों के देखें !

# विश्व रक्तदाता दिवस पर रक्तदान महादान का संदेश, जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने रक्तदाताओं का किया सम्मान

### -जिला अस्पताल में आयोजित कार्यक्रम में 09 लोगों ने किया स्वैच्छिक रक्तदान, प्रमाण-पत्र देकर बढ़ाया गया उत्साह



( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर जिला अस्पताल उरई में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने रक्तदाताओं को प्रमाण–पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया तथा समाज के अन्य लोगों से भी रक्तदान जैसे पुण्य कार्य में बढ़–चढ़कर सहभागिता करने की अपील की।

जिलाधिकारी ने कहा कि रक्तदान मानवता की सबसे बड़ी सेवा है। एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन देने का माध्यम बन सकता है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ व्यक्ति को नियमित रूप से स्वैच्छिक रक्तदान करना चाहिए, जिससे आपातकालीन परिस्थितियों में मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराया जा सके। पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने कहा कि रक्तदान न केवल सामाजिक उत्तरदायित्व का प्रतीक है, बल्कि यह मानव जीवन की रक्षा का भी महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने युवाओं से आगे आकर रक्तदान अभियान से जुड़ने और दूसरों को भी प्रेरित करने का आह्वान किया। इस अवसर पर कुल 09 लोगों ने स्वैच्छिक रक्तदान कर मानव सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने सभी रक्तदाताओं को प्रमाण–पत्र प्रदान कर उनके इस सराहनीय योगदान की प्रशंसा की तथा भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी कार्यों में सहभागिता बनाए रखने का आग्रह किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि नियमित रक्तदान से न केवल जरूरतमंद मरीजों को जीवनदान मिलता है, बल्कि रक्तदाता के स्वास्थ्य पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक जेजे राम, चिकित्सकगण, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी तथा अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# विभिन्न जनसमस्याओं व राजनीतिक मुद्दों पर प्रेस से वार्ता करेंगे सपा जिलाध्यक्ष दीपराज गुर्जर

### 15 जून सोमवार को इकलासपुरा रोड स्थित सपा जिला कार्यालय में होगी प्रेस वार्ता

( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष दीपराज गुर्जर सोमवार, 15 जून को जिला मुख्यालय स्थित इकलासपुरा रोड पर पार्टी कार्यालय में प्रेस प्रतिनिधियों से वार्ता करेंगे। इस दौरान वे जनपद से जुड़े विभिन्न जनहित के मुद्दों, स्थानीय समस्याओं तथा समसामयिक राजनीतिक विषयों पर पार्टी का पक्ष रखेंगे।

पार्टी सूत्रों के अनुसार प्रेस वार्ता में जिले की कानून–व्यवस्था, विकास कार्यों, किसानों, युवाओं एवं आम जनता से जुड़े विषयों पर चर्चा की जाएगी। साथ ही प्रदेश एवं केंद्र सरकार की नीतियों पर भी समाजवादी पार्टी का दृष्टिकोण पत्रकारों के समक्ष रखा जाएगा।सपा जिलाध्यक्ष दीपराज गुर्जर ने जिले के सभी प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक एवं डिजिटल मीडिया के पत्रकारों से निर्धारित समय पर उपस्थित होकर प्रेस वार्ता को सफल बनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि पार्टी जनहित के मुद्दों को लगातार उठाती रही है और आगामी कार्यक्रमों की जानकारी भी प्रेस वार्ता के माध्यम से साझा की जाएगी।

# जनपद जालौन में मत्स्य योजनाओं के आवेदन शुरू, 28 जून तक मौका

### मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा सहित तीन योजनाओं के लिए पोर्टल खुला

( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** जनपद जालौन में मत्स्य विभाग ने वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए विभिन्न सरकारी योजनाओं के तहत आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसका उद्देश्य मत्स्य पालन को बढ़ावा देना और अधिक से अधिक लोगों को इन योजनाओं का लाभ पहुंचाना है।

सहायक निदेशक मत्स्य गिरीश त्रिपाठी ने बताया कि मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना, निषादराज बोट सब्सिडी योजना और सघन मत्स्य पालन हेतु एरेशन सिस्टम की स्थापना योजना के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इन योजनाओं के लिए विभागीय पोर्टल 8 जून 2026 से 28 जून 2026 तक खुला रहेगा। इच्छुक आवेदक इस निर्धारित अवधि के भीतर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। विभाग का लक्ष्य मत्स्य पालन से जुड़े लोगों, मछुआरों और इस क्षेत्र में रोजगार व स्वरोजगार की तलाश कर रहे युवाओं को इन योजनाओं से जोड़ना है।

# अभी नई बनी थी कि उखड़ने लगी डामर रोड

### -खकसीस से कमसरा मार्ग की है ये दुर्दशा

### -ग्रामीण विकास के कार्यों में पूरे जनपद में हैं घपले ही घपले

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** ग्राम परधानी संपर्क मार्ग (खकसीस–कमसरा मार्ग) पर हाल ही में निर्मित डामर सड़क की गुणवत्ता को लेकर ग्रामीणों ने गंभीर आपत्ति जताई है। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क निर्माण के कुछ ही दिनों बाद जगह–जगह से डामर उखड़ने लगा है और सड़क की ऊपरी परत कमजोर दिखाई दे रही है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क की परत हाथों से ही निकल रही है, जिससे निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थानीय लोगों ने सड़क निर्माण में मानकों की अनदेखी तथा घटिया सामग्री के प्रयोग की आशंका जताते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है।

ग्रामीणों ने मौके पर सड़क की उखड़ती परत दिखाते हुए संबंधित अधिकारियों से मामले की जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की। उनका कहना है कि यदि समय रहते गुणवत्ता की जांच नहीं कराई गई तो सड़क जल्द ही पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो सकती है। इस दौरान राहुल गोयल, विक्की राजा, बंटी, राजकुमार, छोटू, बेटू, मयंक, राजू सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे सड़क की उखड़ती परत दिखाते ग्रामीण लाखों की सड़क पर सवाल ! निर्माण के कुछ दिन बाद ही उखड़ने लगा सड़क का डामर।

# नकलविहीन एवं शांतिपूर्ण वातावरण में प्रवक्ता राजकीय इंटर कॉलेज (प्रारंभिक) परीक्षा सकुशल संपन्न

### -जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण, व्यवस्थाओं का लिया जायजा



( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** प्रवक्ता (पुरुष/महिला) राजकीय इंटर कॉलेज (प्रारंभिक) परीक्षा जनपद जालौन के 06 परीक्षा केंद्रों पर नकलविहीन, शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित वातावरण में सकुशल संपन्न हुई। परीक्षा के सफल संचालन हेतु जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन द्वारा व्यापक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थीं।परीक्षा के दौरान जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने केंद्र व्यवस्थापकों, सेक्टर मजिस्ट्रेटों तथा ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों की प्रवेश व्यवस्था, पहचान सत्यापन, सीसीटीवी निगरानी, सुरक्षा प्रबंध एवं अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक प्रतियोगी परीक्षा को पूर्ण पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ संपन्न कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि परीक्षा प्रक्रिया के प्रत्येक चरण पर सतर्क निगरानी बनाए रखें। पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने परीक्षा केंद्रों के आसपास सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया तथा ड्यूटी पर तैनात पुलिस अधिकारियों एवं कर्मियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए सुरक्षा व्यवस्था को पूरी तरह चाक–चौबंद रखा गया है। जनपद के 06 परीक्षा केंद्रों पर कुल 2332 अभ्यर्थी पंजीकृत थे, जिनके सापेक्ष 870 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। परीक्षा पूरे जनपद में शांतिपूर्ण, व्यवस्थित एवं नकलविहीन वातावरण में संपन्न हुई।

# संयुक्त टीमों के द्वारा अवैध खनन व ओवरलोडिंग के खिलाफ 24 घंटे शुरू की निगरानी

### प्रशासन ने सड़कों में उतरकर सख्ती दिखाई

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी ( जालौन )।** जिला प्रशासन के निर्देश पर ओवरलोडिंग तथा अवैध खनन पर पूर्णता अंकुश लगाने के उद्देश्य से सड़कों में लगातार 24 घंटे चेकिंग का अभियान शुरू कर दिया गया है। संयुक्त टीम के द्वारा अवैध बालू का परिवहन करते हुए चार ओवरलोड वाहनों को पड़कर चीज करने की कार्रवाई की गई है। चेकिंग अभियान की भनक लगते ही दर्जनों ओवरलोड वाहनो के चक्के थम गए हैं। करवाई के भय से ओवरलोड वाहनों के संचालकों में हड़कंप मच गया है तथा तरह–तरह के हथकंडे अपनाने लगे हैं।

बीती रात से दिन रात 24 घंटे के चेकिंग के अभियान की निगरानी उपजिलाधिकारी अमित शेखर तथा क्षेत्राधिकारी अवधेश कुमार के द्वारा की जा रही है। कई विभागों के अधिकारियों को शामिल करके गठित संयुक्त टीम अलग–अलग टीमों की अगुवाई तहसीलदार अभिनव कुमार तिवारी, नायब तहसीलदार चंद्र मोहन शुक्ला, सुरेश कुमार को नियुक्त किया गया है। टीमों में लेखपालों राघवेंद्र सिंह निरंजन, जितेंद्र कुमार, सुमित यादव के अलावा खनिज अधिकारी, परिवहन अधिकारी, बी डी यो को भी शामिल किया गया है।

### रात में टीम ने चार वाहनों को पकड़ा

(कालपी )। रात में चलाए गए चेकिंग अभियान के दौरान नायब तहसीलदार चंद्र मोहन शुक्ला की अगुवाई में टीम ने चार वाहनों को पड़कर सीज करके पुलिस अभिरक्षा में गल्ला मंडी में खड़े कर दिए हैं। टीम में खनिज विभाग के लिपिक तथा लेखपाल मौजूद रहे।

### चेकिंग अभियान से तमाम ट्रकों के पहिए थमे

(कालपी)। संयुक्त टीमों के द्वारा 24 घंटे का सड़कों में पहरा बैठा देने से बालू लदे सैकड़ो वाहनों के पहिए थम गए। चेकिंग की भनक लगते ही संचालकों ने अपने–अपने वाहन खड़े करा लिए। टीम ओवरलोड वाहनों पर पैनी निगाह रखे हुए हैं।

### परिवहन माफियाओं के हथकंडे हो रहे असफल

(कालपी)। अवैध खनन एवं ओवरलोड वाहनों का परिवहन करने वाले संचालकों के द्वारा तरह–तरह के हथकंडे अपनाए जा रहे हैं। संयुक्त चेकिंग टीम के अधिकारियों की निगाहवानी की जा रही है। तथा कारोबारियों की लग्जरी कारें लोकेशन देने तथा गाड़िया निकाला के लिए भ्रमण करती दिखाई दे रही है। इसका टीमों पर कोई असर नहीं पड़ रहा है।

### ओवरलोडिंग पर शत प्रतिशत रहेगा अंकुश एसडीम

(कालपी)। उपजिलाधिकारी अमित शेखर ने कहा कि अवैध खनन तथा ओवरलोड परिवहन पर पूर्णता अंकुश लगाने के लिए सड़कों तथा खनन क्षेत्र में पुख्ता व्यवस्था की गई है। सड़कों तथा विभिन्न स्थानों में 24 घंटे संयुक्त टीमें चेकिंग करने में जुटी हैं। जिसके अच्छे परिणाम मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि शासन एवं जिला प्रशासन के निर्देशों के अनुरूप ओवरलोड पर सख्त कार्रवाई की जा रही है।

# साइबर पुलिस की बड़ी सफलताः 35.70 लाख के 210 गुम मोबाइल बरामद, पुलिस ने मालिकों को लौटाई मुस्कान



( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** जालौन की साइबर थाना पुलिस एवं विभिन्न थानों की संयुक्त टीम ने गुमशुदा मोबाइल फोन की तलाश में बड़ी सफलता हासिल करते हुए 210 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। बरामद मोबाइलों की अनुमानित कीमत करीब 35 लाख 70 हजार रुपये बताई गई है।पुलिस द्वारा बरामद किए गए मोबाइल फोन उनके वास्तविक स्वामियों को सुपुर्द किए गए। लंबे समय से अपने मोबाइल खोने की चिंता में परेशान लोगों को जब उनके फोन वापस मिले तो उनके चेहरे खुशी से खिल उठे। कई लोगों ने पुलिस की इस कार्रवाई की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया।पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में साइबर थाना एवं जनपद के विभिन्न थानों की टीमों ने आधुनिक तकनीक और सर्विलांस की मदद से गुम मोबाइलों का पता लगाया। इसके बाद विभिन्न स्थानों से मोबाइल फोन बरामद कर आवश्यक सत्यापन के उपरांत उनके स्वामियों को सौंपा गया।पुलिस अधिकारियों ने बताया कि गुम हुए मोबाइल फोन की जानकारी तत्काल पुलिस को उपलब्ध कराने और सीईआईआर पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराने से मोबाइल बरामद होने की संभावना बढ़ जाती है। उन्होंने नागरिकों से साइबर जागरूकता अपनाने तथा मोबाइल खोने या चोरी होने की स्थिति में तत्काल सूचना देने की अपील की।मोबाइल वापसी के दौरान पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों की मौजूदगी में लोगों को उनके मोबाइल सौंपे गए। इस अवसर पर मोबाइल स्वामियों ने जालौन पुलिस के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए इसे जनहित में सराहनीय पहल बताया।

# प्रधानमंत्री मोदी के 12 वर्षों की उपलब्धियों पर लगी विकास प्रदर्शनी, विभिन्न विभागों ने प्रस्तुत की जनकल्याणकारी योजनाएं

( यंग भारत न्यूज )

- **नवनिर्मित तहसील परिसर उरई में 21 जून तक चलेगी प्रदर्शनी**
- **केंद्र सरकार की उपलब्धियों और जनहितकारी योजनाओं की दी जा रही जानकारी**

**उरई ( जालौन )।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सफल 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिला मुख्यालय उरई स्थित नवनिर्मित तहसील परिसर में विकास प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का शुभारंभ जनपद के प्रभारी मंत्री एवं प्रदेश सरकार के गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग मंत्री संजय गंगवार ने किया। इस अवसर पर विभिन्न सरकारी विभागों द्वारा केंद्र सरकार की उपलब्धियों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित स्टॉल लगाए गए। प्रदर्शनी में कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा, ग्रामीण विकास, महिला एवं बाल विकास, समाज कल्याण, पंचायती राज, उद्योग, विद्युत सहित विभिन्न विभागों ने अपने–अपने स्टॉलों के माध्यम से आमजन को सरकार की योजनाओं, उपलब्धियों एवं लाभार्थीपरक कार्यक्रमों की जानकारी दी। अधिकारियों ने आगंतुकों को योजनाओं के उद्देश्य, पात्रता एवं लाभ प्राप्त करने की प्रक्रिया से भी अवगत कराया। प्रभारी मंत्री संजय गंगवार ने प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश ने बीते 12 वर्षों में विकास, सुशासन और जनकल्याण के क्षेत्र में अनेक ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रदर्शनियों के माध्यम से आमजन को सरकार की उपलब्धियों और योजनाओं की जानकारी मिलती है, जिससे अधिक से अधिक पात्र लोग इनका लाभ उठा सकते हैं। प्रदर्शनी में बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर विभिन्न विभागों के स्टॉलों का अवलोकन किया और योजनाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। जिला प्रशासन के अनुसार यह विकास प्रदर्शनी 21 जून तक नवनिर्मित तहसील परिसर उरई में संचालित रहेगी, जहां प्रतिदिन विभिन्न विभागों द्वारा अपनी योजनाओं एवं उपलब्धियों का प्रदर्शन किया जाएगा। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी एवं विभिन्न विभागों के कर्मचारी मौजूद रहे।

# ब्लाक कुठौंद में सरकार की 12 साल की उपलब्धियां के चलते जन कल्याण शिविर का किया गया आयोजन

## 10 जून का दिन भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में एक अभूतपूर्व और ऐतिहासिक मील का पत्थर बनने जा रहा

**-प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू को पीछे छोड़कर भारत के इतिहास में सबसे लंबे समय तक निर्वाचित प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं**



( यंग भारत न्यूज )

**कुठौंद जालौन।** जनपद जालौन के विकासखंड कुठौंद के मीटिंग हाल में आज दिनांक 14 जून 2026 से लेकर 16 जून 2026 तक जनकल्याण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का प्रमुख रूप से संचालक प्रभारी खंड विकास अधिकारी सतीश चंद्र वर्मा के द्वारा आयोजित किया जा रहा है। जिसका संचालन रवि यादव प्रभारी एनआरएलएम के द्वारा किया गया। जिसमें अध्यक्षता अनिरुद्ध दुबे उर्फ रामू जिला पंचायत सदस्य तथा ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि के द्वारा की गई। जनकल्याण शिविर में बोलते हुए प्रभारी खंड विकास अधिकारी सतीश चंद्र वर्मा ने बताया की वर्ष 2014 से वर्ष 2024 में लगातार तीसरी बार जनता ने प्रधानमंत्री मोदी पर भरोसा जताया और जनता ने उन्हें तीसरी बार प्रधानमंत्री चुनकर साफ कर दिया कि देश सिर्फ काम देखता है। इसी जन विश्वास की बदौलत आज एनडीए देश में 22 राज्यों में जनता की सेवा कर रहा है। मोदी सरकार ने सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास के मंत्र को सिर्फ एक नारा नहीं रहने दिया बल्कि जिसे एक जन आंदोलन बना दिया है। प्रधानमंत्री द्वारा पीएम आवास योजना के तहत 4 करोड़ से अधिक परिवारों को पक्की मकान दिए गए हैं इसी के साथ उज्ज्वला योजना के जरिए 11 करोड़ महिलाओं को मुक्त गैस कनेक्शन देकर धुएं से आजादी दी गई है। इसी के साथ कई ऐसी योजनाएं जैसे की पीएम सोने की योजना मुद्रा योजना पीएम विश्वकर्म योजना और कई मिशन गांव के विकास के लिए जल जीवन मिशन स्वच्छ भारत मिशन पीएम किसान सम्मान निधि किसान क्रेडिट कार्ड योजना, प्रधानमंत्री मोदी का कहना है विकास हमारे लिए 24 घंटे सातों दिन और 12 महीने चलने वाला मिशन है। इस कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मनोज यादव जिला मीडिया प्रभारी कार्यक्रम जिला संयोजक, रुद्र प्रताप सिंह मंडल अध्यक्ष कुठौंद, संतोष प्रजापति मंडल अध्यक्ष बाबई ,राजीव पांडे ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि, अनीता सिंह सेंगर महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष ,शिवम दुबे ,अनिल पाल ,मानवेंद्र सिंह प्रकाश सिंह सेंगर मंडल उपाध्यक्ष बाबई, अनूप मिश्रा वरिष्ठ पत्रकार , नारायण तिवारी पत्रकार,आर पी वर्मा तथा विकासखंड के ग्राम विकास अधिकारी शिवम गुप्ता ग्राम विकास अधिकारी विकास ग्राम विकास अधिकारी अरुण कुमार एवं तकनीकी सहायक, अजीबका मिशन स्टाफ, स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाएं उपस्थित रहीं। इस कार्यक्रम में 15 जून को स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा जिसमें किसी भी महिला पुरुष को अपने स्वास्थ्य परीक्षण के बारे में जानकारी लेना है तो ब्लॉक परिसर में समय अनुरूप उपस्थित हो। इसी क्रम में 16 जून को जनकल्याण शिविर में बड़ी जागरूकता के साथ प्रबुद्ध जन एवं आज के कार्यक्रम में सम्मिलित हुए क्षेत्रवासी अपनी उपस्थिति जरूर दर्ज कराए। जिससे सरकार द्वारा चलाई जा रही योजना के बारे में सभी को जानकारी मिल सके। इसके लिए सभी क्षेत्रवासियों को आमंत्रित किया जा रहा है।

# बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर डीसीएम और बालू लदे ट्रक की भिड़ंत, 13 लोग घायल



1





( यंग भारत न्यूज )

**उरई।** बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर शनिवार को देर रात एक बड़ा सड़क हादसा हो गया, जब यात्रियों से भरी डीसीएम वाहन की सामने से आ रहे बालू लदे ट्रक से जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि वाहन में सवार लोगों में चीख-पुकार मच गई और कई यात्री घायल हो गए।

हादसे में डीसीएम चालक तुर्रम सिंह, पप्पू, मलखान, धर्मवीर समेत कुल 13 लोग घायल हुए हैं। सभी घायलों को स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से तत्काल उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज उरई पहुंचाया गया।

घटना की सूचना मिलते ही जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय और पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह मेडिकल कॉलेज उरई पहुंचे तथा भर्ती घायलों का हालचाल जाना। जिलाधिकारी ने चिकित्सकों को निर्देश दिए कि घायलों के उपचार में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और सभी को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। जिलाधिकारी ने बताया कि अधिकांश घायलों की स्थिति खतरे से बाहर है। हालांकि एक घायल की हालत गंभीर होने पर उसे झांसी के उच्च चिकित्सा केंद्र रेफर किया गया है। वहीं 10 घायलों का उपचार मेडिकल कॉलेज उरई में जारी है, जबकि दो घायलों की हालत सामान्य होने पर परिजन उन्हें अपने साथ महोबा ले गए। पुलिस ने दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। चिकित्सकों की टीम घायलों की लगातार निगरानी कर रही है और प्रशासन पूरे मामले पर नजर बनाए हुए

# सीएमओ कार्यालय के संरक्षण में महीना बांध कर चल रहे हैं घटिया नर्सिंग होम और निजी अस्पताल

## कस्बा कुठौंद में कई वर्षों से चल रहे अवैध रूप से न्यू बांके बिहारी? पाली क्लीनिक में प्रसव के दौरान जच्चा- बच्चा की हुई मृत्यु

**-जिले पर बैठे स्वास्थ्य विभाग के आला अधिकारियों की लापरवाही के चलते कस्बा कुठौंद , मदारीपुर में कई क्लीनिक अवैध रूप हो रहे संचालित**



( यंग भारत न्यूज )

**कुठौद जालौन।** न्यू बांके बिहारी पाली क्लीनिक कस्बा कुठौंद में ग्राम नौरेजपुर निवासी जितेंद्र पुत्र सुरेश अपनी पत्नी रश्मि 13 जून 2026 को हॉस्पिटल आया तो वहां पर डॉक्टर बृजेश तिवारी व डॉक्टर कौशल व दो नर्से इन्होंने बताया कि आपकी पत्नी की डिलीवरी नॉर्मल हो जाएगी मृतका का पति डॉक्टर व नर्सो की बात से सहमत होकर हास्पिटल में रुक रहा इस दौरान कुछ देर बाद बच्चा नॉर्मल पैदा हुआ। इसके कुछ देर बाद बच्चा की मृत्यु हो गई इस दौरान अस्पताल के लोगों ने कहा हम लोगों को जच्चा बच्चा को लेकर औरैया चलना पड़ेगा जब मैं औरैया पहुंचा तो ओम रक्षा हॉस्पिटल में भर्ती कर दिया। इसके तुरंत बाद वहां से चिचोली अस्पताल के लिए चलने को कहा जैसे ही चिचोली अस्पताल पर पहुंचे तभी जच्चा तथा बच्चा को देखते ही डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। उसी समय डॉक्टर ने हमारे सारे कागज लेकर भाग गए और मैं अपनी मृतक पत्नी व बच्चा को चिचौली अस्पताल से लेकर थाना कुठौद आया।और अपनी मृतक पत्नी व बच्चा की घटना के संबंध में थाना पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया गया। जिसमें पुलिस विभाग द्वारा प्रकरण की जांच संबंधी कार्यवाही शुरू कर दी गई।

आपको बताते चलें यहां कस्बा कुठौंद में चल रहे अवैध रूप से क्लीनिकों का कोई नया मामला नहीं है यहां पर बीते गत महीने में एक राधा रानी क्लीनिक नाम से संचालित हो रहा था जिसमें प्रसव के दौरान? ग्राम सलेमपुर कालपी के जच्चा- बच्चा दोनों मृतक हो गए थे। उसके बावजूद भी स्वास्थ्य विभाग के बैठे आला अधिकारियों को किसी भी प्रकार की कोई परवाह नहीं है। ऐसे मौत के सौदागरों पर शिकंजा कसा जाए ताकि वर्तमान स्थिति में सुधार हो सके। यदि ऐसी ही स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही चलती रहेगी तो इसी तरह से आए दिन जच्चा बच्चा के साथ जीवन से खिलवाड़ होता रहेगा । इसलिए जिला स्तर पर बैठे स्वास्थ्य विभाग की उच्च अधिकारियों को अवैध रूप से हो रहे संचालित क्लिनिको की जांच कराई जाए ताकि मौत के सौदागरों की दुकानें बंद हो सके।

# दबंग ने दुकान में घुसकर दलित मजदूर को पीटा, खूब वायरल हो रही है घटना

( यंग भारत न्यूज )



**माधौगढ़ ( जालौन )।** माधौगढ़ कस्बे के रामपुरा स्टैंड स्थित एक किराना दुकान में रविवार दोपहर दबंगई का मामला सामने आया, जहां एक 40 वर्षीय अधेड़ ने दुकान में घुसकर दलित मजदूर की बेरहमी से पिटाई कर दी। घटना का वीडियो सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है। पीड़ित पक्ष ने मामले की शिकायत माधौगढ़ कोतवाली में देकर कार्रवाई की मांग की है।

जानकारी के अनुसार, ग्राम डिकौली निवासी 18 वर्षीय उत्तम पुत्र मगनलाल रामपुरा स्टैंड स्थित पंकज गेड़ा की किराना दुकान पर नौकरी करता है और इसी से अपने परिवार की आर्थिक सहायता करता है। रविवार दोपहर करीब 12:40 बजे दुकान मालिक पंकज गेड़ा ने उत्तम को कुछ सामान देकर पास स्थित राजू सिंह की दुकान पर भेजा था। आरोप है कि वहां पहुंचते ही राजू सिंह ने उत्तम के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी और उसे अपमानित किया। बताया जाता है कि उत्तम बिना कोई जवाब दिए वापस अपनी दुकान पर लौट आया। आरोप है कि इसके कुछ ही देर बाद राजू सिंह उसके पीछे-पीछे किराना दुकान तक पहुंच गया और दुकान में घुसकर भद्दी-भद्दी गालियां देने लगा। विरोध न करने के बावजूद उसने उत्तम को जान से मारने की धमकी दी और लात-घूंसों से मारपीट कर उसे जमीन पर गिरा दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मारपीट के दौरान दुकान मालिक पंकज गेड़ा मौके पर मौजूद रहा, लेकिन उसने अपने दलित मजदूर को बचाने का कोई प्रयास नहीं किया। पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई है, जो अब पुलिस जांच का महत्वपूर्ण आधार बन सकती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि आरोपी राजू सिंह दबंग प्रवृत्ति का व्यक्ति है और वह माधौगढ़ बस स्टैंड स्थित यात्री प्रतीक्षालय पर कथित रूप से कब्जा कर बीड़ी, सिगरेट एवं अन्य मादक पदार्थों की बिक्री करता है। पीड़ित पक्ष ने पुलिस से आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। वहीं, पुलिस का कहना है कि शिकायत प्राप्त हो गई है और मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# पुराने कुएं में गिरने से 13 वर्षीय किशोर की मौत, परिवार में मचा कोहराम

( यंग भारत न्यूज )



2

**उरई ।** जिले के कदौरा थाना क्षेत्र के ग्राम नंगवा डेरा में शनिवार को एक दर्दनाक हादसे में 13 वर्षीय किशोर की पुराने कुएं में गिरने से मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। बताया जा रहा है कि परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए बिना ही किशोर का अंतिम संस्कार कर दिया।

जानकारी के अनुसार ग्राम नंगवा डेरा निवासी मोहर सिंह का 13 वर्षीय पुत्र आर्यन घर के बाहर अन्य बच्चों के साथ खेल रहा था। इसी दौरान तेज धूप होने पर उसके बड़े भाई ने उसे डांटते हुए घर के अंदर जाने को कहा। भाई की डांट से नाराज होकर आर्यन वहां से दौड़ पड़ा। उसे रोकने के लिए बड़ा भाई भी पीछे-पीछे दौड़ा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दौड़ते समय आर्यन का संतुलन बिगड़ गया और वह घर के बाहर स्थित एक पुराने खुले कुएं में जा गिरा। छोटे भाई को कुएं में गिरता देख बड़ा भाई घबरा गया और परिजनों को घटना की सूचना दी। खबर मिलते ही परिवार के सदस्य और ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। घटना की जानकारी फैलते ही गांव के लोगों ने तत्काल बचाव कार्य शुरू किया। ग्रामीणों ने करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद किशोर को कुएं से बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। शव को देखते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई और पूरे गांव का माहौल गमगीन हो गया। ग्रामीणों ने बताया कि घटना इतनी अचानक हुई कि किसी को संभलने का मौका नहीं मिला। आर्यन परिवार का बेहद चहेता सदस्य था। उसकी असमय मौत से परिजन गहरे सदमे में हैं। बताया जा रहा है कि हादसे के बाद परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए बिना ही शव का अंतिम संस्कार कर दिया। इस हृदयविदारक घटना ने एक बार फिर गांवों में खुले और जर्जर कुओं की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों ने ऐसे कुओं को सुरक्षित कराने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस प्रकार की दुखद घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

# संजीव बने रेंज के क्षेत्रीय वनाधिकारी

## कार्यभार ग्रहण कर वृक्षारोपण को बताया प्राथमिकता

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा कोंच रेंज में क्षेत्रीय वनाधिकारी के पद पर तैनात किए गए संजीव कुमार तिवारी ने यहां आकर अपना विधिवत कार्यभार ग्रहण कर लिया है। कार्यभार संभालने के बाद उन्होंने बुंदेलखंड क्षेत्र को अधिक हरित एवं पर्यावरणीय दृष्टि से समृद्ध बनाने की प्रतिबद्धता जताई।

बरेली के मूल निवासी संजीव तिवारी वन विभाग में एक अनुभवी और कर्मठ अधिकारी के रूप में जाने जाते हैं। इससे पूर्व वे बदायूं, पीलीभीत, शाहजहांपुर और लखीमपुर जैसे महत्वपूर्ण जनपदों में क्षेत्रीय वनाधिकारी के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। विभाग में उनकी कार्यशैली, प्रशासनिक दक्षता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति समर्पण की सराहना होती रही है। शासन ने उनकी कार्यकुशलता को देखते हुए विकासशील बुंदेलखंड क्षेत्र के महत्वपूर्ण उरई वन प्रभाग की कोंच रेंज की जिम्मेदारी सौंपी है। पदभार ग्रहण करने के बाद संजीव तिवारी ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा संचालित वृक्षारोपण अभियान को पूरी गंभीरता और प्रभावी निगरानी के साथ सफल बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनपद को प्राप्त वृक्षारोपण लक्ष्य को शत-प्रतिशत पूरा कराने के लिए सभी संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ समन्वय स्थापित कर कार्य किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पौधरोपण के साथ-साथ पौधों के संरक्षण और उनकी नियमित देखरेख पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा, ताकि लगाए गए पौधे भविष्य में बड़े वृक्ष बन सकें। इसके अलावा वन क्षेत्र की सुरक्षा, हरित आवरण बढ़ाने तथा पर्यावरण संरक्षण से जुड़े कार्यक्रमों को भी प्राथमिकता दी जाएगी ।तिवारी ने कहा कि बुंदेलखंड को हरा-भरा बनाने की दिशा में वन विभाग पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेगा और जनसहभागिता को बढ़ावा देकर पर्यावरण संरक्षण के अभियान को जनआंदोलन का स्वरूप दिया जाएगा।

# पुलिस का विशेष अभियानः 32 गैर-जमानती वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार, 40 जमानती वारंट तामील

( यंग भारत न्यूज )

**उरई** । जनपद में अपराध नियंत्रण एवं वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत जालौन पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस अधीक्षक जालौन के निर्देशन में जनपद के विभिन्न थानों द्वारा व्यापक कार्रवाई करते हुए कुल 32 गैर-जमानती वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया, जबकि 40 जमानती वारंट तामील कर संबंधित अभियुक्तों को मुचलके पर छोड़ा गया।

पुलिस विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन एवं पुलिस महानिरीक्षक झांसी परिक्षेत्र के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत यह कार्रवाई की गई। अभियान का उद्देश्य अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाना तथा न्यायालयों से निर्गत वारंटों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करना है। जालौन पुलिस की इस कार्रवाई को कानून-व्यवस्था सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि वांछित, वारंटी एवं पुरस्कार घोषित अपराधियों के विरुद्ध अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

# नाली के अभाव में सड़क पर बह रहा गंदा पानी, ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानी

( यंग भारत न्यूज )



**माधौगढ़ जालौन:-** माधौगढ़ ब्लाक के ग्राम पंचायत कासिमपुर( गोहन ) के परिहार मोहल्ले में राकेश परिहार एवं शिवराम परिहार व कृपा परिहार के घर के पास जल निकासी की समुचित व्यवस्था न होने के कारण सड़क पर गंदा पानी भर गया है। नाली के अभाव में घरों से निकलने वाला पानी रास्ते में जमा हो रहा है, जिससे स्थानीय लोगों को आने-जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि लंबे समय से इस समस्या की ओर ध्यान दिलाया जा रहा है, लेकिन अभी तक कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया है। सड़क पर फैले गंदे पानी और कीचड़ के कारण पैदल चलने वाले लोगों, बुजुर्गों और बच्चों को विशेष रूप से दिक्कत हो रही है। साथ ही, जलभराव से मच्छरों के पनपने का खतरा भी बढ़ गया है, जिससे संक्रामक बीमारियों की आशंका बनी हुई है। स्थानीय निवासियों ने ग्राम पंचायत और संबंधित अधिकारियों से मांग की है कि परिहार मोहल्ले में जल्द से जल्द नाली निर्माण कराया जाए, ताकि जल निकासी की समस्या का समाधान हो सके और लोगों को राहत मिल सके।

# बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर भीषण हादसा, ट्रक क्लीनर की मौत

( यंग भारत न्यूज )



3

**उरई ।** बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर रविवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में ट्रक क्लीनर की मौत हो गई। जालौन कोतवाली क्षेत्र के ग्राम छिरिया सलेमपुर के पास किलोमीटर संख्या-208 पर सड़क किनारे खड़े एक ट्रक में पीछे से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रक का पिछला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और केबिन में सवार क्लीनर गंभीर रूप से फंस गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार हादसे में ट्रक क्लीनर छोटू उर्फ अरुण कुमार (22 वर्ष) पुत्र जसवंत, निवासी ग्राम भोजला (झांसी), गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस एवं राहत दल मौके पर पहुंचा और कड़ी मशक्कत के बाद उसे वाहन से बाहर निकाला। घायल को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जालौन भेजा गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दुर्घटना के बाद डंपर चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने दोनों क्षतिग्रस्त वाहनों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है तथा फरार चालक की तलाश की जा रही है। हादसे के बाद बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर लंबा जाम लग गया, जिससे यातायात प्रभावित रहा। यूपीडा और पुलिस की टीम ने क्रेन की सहायता से क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाकर यातायात सुचारु कराने का प्रयास किया। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और फरार चालक के विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# दुनिया में सिर्फ 3 ही देश ऐसे हैं.' सीएम योगी ने अचानक ऐसा क्या कह दिया कि मच गया तहलका?

( यंग भारत न्यूज )



**लखनऊ।** प्रदेश में नेशनल डेमोक्रेटिक अलायंस (एनडीए) की एक हाई-प्रोफाइल प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कुछ ऐसा कह दिया, जिसकी चर्चा अब हर तरफ हो रही है. सीएम योगी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मजबूत नेतृत्व की जमकर तारीफ की और पिछले 12 वर्षों में देश और उत्तर प्रदेश में आए बड़े बदलावों को दुनिया के सामने रखा.

सीएम योगी ने बेहद जोश के साथ कहा कि जब किसी भी देश को एक लोकप्रिय, कर्मठ और दूरदर्शी सोच वाला लीडर मिलता है, तो देश की तकदीर बदलते देर नहीं लगती. इस प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान मुख्यमंत्री ने कई ऐसे चौंकाने वाले आंकड़े और बातें सामने रखीं, जिसने सबका ध्यान खींच लिया. सीएम योगी आदित्यनाथ ने बीते सालों का हिसाब देते हुए कहा कि हिंदुस्तान के हर एक नागरिक ने पिछले 12 वर्षों में बदलते हुए भारत को बहुत करीब से देखा और महसूस किया है. आज की जो हमारी युवा पीढ़ी है, वो इस नए और आत्मनिर्भर भारत पर गर्व कर सकती है. उन्होंने कहा कि देश के सामने तमाम बड़ी चुनौतियां आईं, लेकिन बिना रुके, बिना झुके और बिना डिगे भारत ने आज पूरी दुनिया को अपनी असली ताकत और सामर्थ्य का लोहा मनवा दिया है. देश की आजादी के बाद के इतिहास का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने पिछली सरकारों पर तीखा हमला बोला. उन्होंने कहा कि 1947 के बाद से देश के नागरिकों को सिर्फ मत, मजहब, जाति और संप्रदाय के नाम पर बांटने का काम किया गया. पहले जनता के विकास के लिए न तो कोई ठोस कार्यक्रम दिखते थे और न ही उन्हें जमीन पर लागू किया जाता था. लेकिन इतिहास में पहली बार देश यह देख रहा है कि योजनाएं सिर्फ कागजों और फाइलों तक सीमित नहीं रहतीं, बल्कि जनता के फायदे के लिए उन्हें एक 'जनांदोलन' में बदल दिया जाता है. प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान सीएम योगी ने मोदी सरकार के कार्यकाल की सबसे बड़ी उपलब्धि का जिक्र करते हुए एक ऐसा आंकड़ा दिया जिसने सबको हैरान कर दिया. उन्होंने कहा कि जब पीएम मोदी ने देश की सत्ता संभाली थी, तब भारत की आबादी करीब 120 करोड़ थी. लेकिन सरकार के सफल और सटीक कार्यक्रमों की बदौलत देश के रिकॉर्ड 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकालने में ऐतिहासिक सफलता मिली है. इसी बात को आगे बढ़ाते हुए सीएम योगी ने कहा कि आज पूरी दुनिया में 25 करोड़ से ज्यादा की आबादी वाले सिर्फ तीन ही देश हैं- पहला खुद भारत, दूसरा चीन और तीसरा अमेरिका. यानी जितने लोगों को पीएम मोदी के प्रयासों से गरीबी से मुक्ति मिली है, वो आबादी दुनिया के कई बड़े देशों से भी ज्यादा है. इतने बड़े जनमानस ने आज अपने जीवन स्तर को सुधारा है और सम्मान से आगे बढ़े हैं. मुख्यमंत्री ने साफ शब्दों में कहा कि केंद्र सरकार की इन बेहतरीन नीतियों का सबसे सीधा और बड़ा फायदा देश के सबसे ज्यादा आबादी वाले राज्य उत्तर प्रदेश को मिला है. उन्होंने पुराने दिनों को याद करते हुए कहा कि एक समय था जब यूपी अपनी पहचान के लिए तरस रहा था. यहां हर तरफ अराजकता, असुरक्षा, गुंडागर्दी और भयंकर भ्रष्टाचार का बोलबाला था. राज्य के नौजवानों के लिए न तो अपने प्रदेश में नौकरियां थीं, और न ही बाहर जाने पर उन्हें वो सम्मान मिल पाता था. लेकिन आज पीएम मोदी के विजन और डबल इंजन सरकार के दम पर यूपी इस पहचान के संकट से पूरी तरह बाहर आ चुका है.

# घर से लाखों रुपये कैश मिला. राम मंदिर चढ़ावा मामले में पकड़े गए लवकुश के पिता की जुबानी?

( यंग भारत न्यूज )



**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश के अयोध्या में स्थित राम मंदिर के दान पात्र से चोरी की अफवाहों के बीच पुलिस ने रुदौली गांव के लवकुश को हिरासत में लिया है. लवकुश के घर से कैश भी बरामद हुआ.

आरोपी लवकुश के पिता ने बताया कि उनका बेटा चारपांच महीने से मंदिर परिसर में काम कर रहा था. वहीं आरोपी के पिता, मां और बहन ने भी इस बात की पुष्टी की है. जानकारी के मुताबिक, दान पात्र से चोरी की अफवाहों के बीच पुलिस का एक्शन तेज हो गया है. पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी लवकुश को गिरफ्तार किया है जोकि रुदौली गांव का रहने वाला है. आरोपी के पिता ने कहा कि लवकुश पिछले करीब पांच महीने मंदिर में काम कर रहा था. उन्होंने इस बात की भी पुष्टि की है कि उनके घर से कैश बरामद हुआ है. आरोपी लवकुश की मां ने कहा कि बेटा कई दिनों से घर नहीं आया.वहीं आरोपी की दादी ने कहा किजब से ये बवाल शुरू हुआ तब से उनका पोता घर नहीं आया है. उन्होंने कार्रवाई को लेकर कहा कि कुछ लोग सादी वर्दी में आए थे, कह नहीं सकती पुलिस वाले थे या कोई और. लवकुश मिश्रा के पिता ने माना कि उनके घर से लाखों रुपए कैश बरामद हुआ. लव की दादी ने आगे कहा कि जिस दिन उनके घर से कैश बरामद हुआ था उस दिन श्री राम जन्मभूमि ट्रस्ट के अध्यक्ष चंपत राय भी टीम के साथ गांव आए थे. पुलिस अब तक इस मामले में लवकुश समेत कुल चार लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है. मंदिर में आने वाले दान की रकम में कथित गड़बड़ी का मामला सामने आने के बाद एफआईआर दर्ज की गई थी. ये खबर आप जस्ट अभी में पढ़ रहे हैं। इसके बाद जांच एजेंसियां लगातार ट्रस्ट कर्मचारियों से पूछताछ कर रही हैं. अब तक पकड़े गए अधिकांश कर्मचारी एक ही शिफ्ट में तैनात बताए जा रहे हैं. मामले में मिल्कीपुर निवासी अनुकल्प मिश्र का नाम भी चर्चा में है. उन्हें रामभक्तों के एक समूह का नेतृत्वकर्ता माना जाता है. उन पर पहले भी धार्मिक आयोजनों में भव्यता का प्रदर्शन करने और वीडियो प्रसारित करने के आरोप लग चुके हैं.

# देहरादून के जंगल में हिंदू युवती संग पकड़ा गया मुस्लिम युवक, बजरंग दल ने कर दी धुनाई

( यंग भारत न्यूज )




**देहरादून।** प्रेमनगर स्थित बिधौली के जंगल में स्थानीय निवासियों ने एक हिंदू युवती को मुस्लिम युवक के साथ पकड़ लिया। उन्होंने इसकी सूचना बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को दी, जिसके बाद बजरंग दल के कार्यकर्ता भी मौके पर पहुंच गए।

उन्होंने आरोपित को पकड़कर उसकी जमकर धुनाई कर दी और बाद में उसे पुलिस को सौंप दिया। पुलिस के अनुसार टिहरी गढ़वाल निवासी एक व्यक्ति ने 29 अप्रैल 2025 को शिकायतीपत्र दिया था कि वह बिधौली स्थित एक होस्टल में काम करते हैं। उनकी नाबालिग पुत्री (अब बालिग) को अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर कहीं ले गया है। प्रेमनगर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपित की तलाश शुरू कर दी। विवेचना के दौरान पुलिस ने आरोपित मोहम्मद चांद निवासी ग्राम धौलावड़ा थाना सरसावा जनपद सहारनपुर उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार कर नाबालिग को बरामद कर लिया। पीड़ित के बयान व साक्ष्यों के आधार पर आरोपित मोहम्मद चांद के विरुद्ध दुष्कर्म व पोक्सो की धाराओं में बढ़ोतरी कर दी। पुलिस ने आरोपित को न्यायालय के समक्ष पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया। इस मामले में पुलिस आरोपपत्र भी न्यायालय में दाखिल कर चुकी है। वर्तमान में केस न्यायालय में विचाराधीन है। इसी बीच आरोपित को जमानत मिली तो वह फिर पीड़ित से मिलने लगा। स्थानीय निवासियों की मानें तो आरोपित मोहम्मद चांद युवती को कई दिनों से बिधौली के जंगल में बुला रहा था। इसकी भनक लगने पर स्थानीय निवासियों ने उसका पीछा करना शुरू कर दिया। शनिवार को स्थानीय निवासियों ने आरोपित को युवती के साथ पकड़ लिया और उसकी खूब धुनाई कर दी। इसके बाद पहुंचे बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने भी आरोपित की धुनाई की और पुलिस को सौंप दिया।बताया जा रहा है कि जिस हास्टल में युवती के पिता काम करते हैं, उसी हास्टल में आरोपित भी काम करता था। इसी दौरान युवती भी हास्टल में आया जाया करती थी। इसी दौरान आरोपित ने युवती को अपने जाल में फंसा लिया। बताया जा रहा है कि इन दिनों आरोपित बिधौली क्षेत्र में रंगाई पुताई का काम कर रहा है। मुकदमा होने के बावजूद भी वह युवती को मिलने के लिए बुलाता था।

# बहन का मौसेरे भाई से चल रहा था अफेयर, सगे भाई ने सिर पर उतार दी 3 गोलियां, खून से सना घर देखकर मां के उड़े होश

( यंग भारत न्यूज )



**संभल।** प्रदेश के संभल में एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है. जहां युवती अपने मौसेरे भाई से फोन पर बात करने और उससे शादी करने पर अड़ी हुई थी. जिससे परेशान होकर भाई ने अपनी बहन की गोली मारकर हत्या कर दी

पुलिस ने आरोपी भाई की तलाश में 3 टीमों का गठन किया है. यह पूरा मामला संभल जिले के गुन्नौर कोतवाली थाना इलाके के सेंजना गांव की है. मृतका की पहचान मुस्कान के रूप में हुई है. जिनके पिता का देहांत 15 साल पहले ही हो गया था. वह 5 भाई-बहनों में से एक थी 3 भाई और 2 बहनें. अपनी बड़ी बहन की शादी के बाद वह अपनी मां परवीन के साथ गांव में रहती थी. शुक्रवार सुबह करीब 7 बजे मुस्कान की मां परवीन खेतों में काम करने गई थी. जब सुबह 11 बजे घर लौटी तो उन्होंने अपनी बेटी को खून से लथपथ पाया और उनका बेटा घर पर नहीं था. शुरुआती जांच से पता चला कि शुक्रवार को सुबह 8 से 9 बजे के बीच भाई ने अपनी बहन के सिर में गोली मारी, जिसकी वजह से युवती की मौके पर मौत हो गई. घटना के बाद आरोपी भाई मौके से फरार हो गया. शुक्रवार को पोस्टमार्टम के बाद मृतका के शव को गांव के कब्रिस्तान में दफना दिया गया. बताया जा रहा है कि मृतका का बड़ा भाई सोनू पंजाब में काम करता ता और छोटा भाई नबी दिल्ली में मजदूरी करता था. इस घटना के सामने आने के बाद परिवार में सदमे का माहौल है. पुलिस के अनुसार, मुस्कान गुन्नौर तहसील के राजपुरा पुलिस स्टेशन इलाके के एक गांव में रहने वाले अपने मौसेरे भाई से फोन पर बात करती थी. उसका भाई सनी मोहम्मद इस रिश्ते को पसंद नहीं करता था. भाई ने कई बार अपनी बहन को उससे फोन पर बात करने से मना कर चुका था. जब उसने बात मानने से इन्कार कर दिया तो उसने यह कठोर कदम उठाया. शुक्रवार शाम 4:00 बजे, गांव के प्रधान अख्तर ने एसएचओ संजय कुमार को घटना की जानकारी दी. मां ने पुलिस को बताया कि उसके बेटे ने ही गोली मारी है. इस बीच मां की शिकायत के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए भाई के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है.

# राजस्थान में बेची जा रही थीं यूपी की बेटियां ! लखनऊ पुलिस ने किया इंसानी सौदागरों के बड़े रैकेट का भंडाफोड़, दंपति समेत 6 गिरफ्तार

( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ।** प्रदेश की राजधानी लखनऊ से सटे मोहनलालगंज इलाके में पुलिस ने नाबालिग बच्चियों की खरीद-फरोख्त करने वाले एक बेहद क्रूर और संगठित मानव तस्करी गिरोह का पर्दाफाश किया है।

यह गिरोह गरीब, अनाथ और बेसहारा नाबालिग लड़कियों को अपनी जाल में फंसाकर राजस्थान ले जाता था और वहां शादी के नाम पर लाखों रुपये में बेच देता था। पुलिस ने इस मामले में तत्परता दिखाते हुए दो सगी मासूम बहनों को सकुशल बरामद कर लिया है। इस घिनौने धंधे में शामिल एक शातिर दंपति समेत कुल छह आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। इंसानियत को शर्मसार करने वाले इस पूरे मामले का खुलासा तब हुआ, जब बीती 12 मई को मोहनलालगंज के गनियार निवासी कमलेशा ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पीड़िता ने बताया कि उसकी मृत बेटी की दो मासूम बच्चियां (उम्र करीब 12 और 16 वर्ष) अचानक गायब हो गई हैं। महिला ने अपने ही एक बाल अपचारी रिश्तेदार और उसकी महिला सहयोगी प्रिया पटेल पर बच्चियों को बहला-फुसलाकर अगवा करने का शक जताया। मामला नाबालिग लड़कियों से जुड़ा होने के कारण डीसीपी (दक्षिणी) अमित कुमार आनंद ने तुरंत एक्शन लिया और पुलिस की चार विशेष टीमों का गठन कर तफ्तीश शुरू करवाई। आरोपियों ने बचने के लिए दोनों बच्चियों के मोबाइल फोन पूरी तरह बंद कर दिए थे, जिससे उनकी लोकेशन ट्रेस न हो सके। लेकिन मोहनलालगंज पुलिस ने हार नहीं मानी। पुलिस टीमों ने लखनऊ से लेकर संभावित रास्तों के करीब 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। तकनीकी सर्विलांस और जमीनी मुखबिरों की मदद से आखिरकार पुलिस ने 18 मई को दोनों नाबालिग बहनों को आरोपियों के चंगुल से सकुशल छुड़ा लिया। जब बच्चियों और पकड़े गए आरोपियों से कड़ाई से पूछताछ की गई, तो जो सच



सामने आया उसने पुलिस अफसरों को भी हैरान कर दिया। पूछताछ में सामने आया कि इस गिरोह के तार राजस्थान के कोटा क्षेत्र से जुड़े हैं। गिरोह के सदस्य अनुराग यादव, प्रिया पटेल, मोहम्मद अख्तर और राजस्थान निवासी भूपेन्द्र चौहान अपनी पत्नी सोनम के साथ मिलकर यह रैकेट चला रहे थे। ये लोग पहले लड़कियों को उनकी मां से मिलाने, शॉपिंग कराने और अच्छे कपड़े दिलाने का लालच देकर अपने साथ ले आते थे। इसके बाद लड़कियों की तस्वीरें व्हाट्सएप के जरिए राजस्थान भेजी जाती थीं। वहां से सौदा तय होने के बाद लड़कियों को राजस्थान ले जाकर उनकी मर्जी के खिलाफ जबरन अधेड़ उम्र के पुरुषों से शादी करा दी जाती थी। जांच में पता चला कि यह गिरोह रायबरेली की भी एक नाबालिग लड़की को इसी तरह बेच चुका था, जो किसी तरह तीन दिन बाद अपनी जान बचाकर वहां से भाग निकली थी। पुलिसिया जांच में सामने आया कि लखनऊ की प्रिया पटेल साल 2020 में राजस्थान की सोनम से एक शादी के दौरान मिली थी। सोनम ने ही प्रिया को गरीब और सुंदर लड़कियों की शादी करवाकर मोटी कमाई करने का लालच दिया था। इसके बाद प्रिया ने अपने साथियों के साथ मिलकर ऐसे गरीब परिवारों को टारगेट करना शुरू किया जिनके माता-पिता नहीं थे। एक लड़की का सौदा करने के एवज में प्रिया को डेढ़ से दो लाख रुपये मिलते थे। पुलिस ने पहले चार आरोपियों को जेल भेजा था और शनिवार को मुख्य आरोपी दंपति भूपेंद्र और सोनम को भी गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। डीसीपी अमित कुमार आनंद ने बताया कि कमिश्नरेट पुलिस महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और इस गैंग के पूरे नेटवर्क को पूरी तरह नेस्तनाबूद किया जाएगा। इस साहसिक रेस्क्यू ऑपरेशन में दरोगा सौरभ सिंह, अरुण कुमार दिवाकर और महिला सिपाही शीतल चौहान ने मुख्य भूमिका निभाई।

# मुरैना में बड़ा हादसा, आग की अफवाह से भगदड़, दूसरी ट्रेन से कटकर 6 लोगों की मौत

( यंग भारत न्यूज )



मुरैना में एक ट्रेन हादसे से हडकम्प मच गया, यहां उदयपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस में यात्रा कर रहे यात्री आग लगने की अफवाह से ट्रेन से कूद पड़े, जिससे दूसरे ट्रैक पर आ रही पातालकोट की चपेट में कई यात्री आ गए.

ट्रेन की चपेट में आने से करीब छह लोगों की मौत हो गई. घटना मुरैना के हेतमपुर स्टेशन की बताई जा रही है. मौके पर राहत एवं बचाव कार्य जारी है.

जानकारी के मुताबिक मुरैना के हेतमपुर स्टेशन के पास ये दुर्घटना हुई है. उदयपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस रविवार (14 जून) को शाम 4 बजे मुरैना से धौलपुर की तरफ रवाना हुई थी. हेतमपुर स्टेशन पर ट्रेन में आग लगने की अफवाह फैल गई. जैसे ही यात्रियों ने आग के बारे में सुना, चारों तरफ भगदड़ मच गई. लोग डर गए और अपनी जान बचाने के लिए बिना सोचे-समझे ट्रेन से कूद पड़े और दूसरी ट्रेन की चपेट में आ गए. दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और रेलवे प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं. अब तक तीन महिला और एक बच्चे की लाश बरामद हुई है.

# स्पा की आड़ में गंदा काम; दिल्ली के पहाड़गंज में सेक्स रैकेट का भंडाफोड़

( यंग भारत न्यूज )



पहाड़गंज इलाके में स्पा की आड़ में चल रहे देह व्यापार गिरोह का भंडाफोड़ हुआ है। दिल्ली पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि उन्हें अवैध गतिविधियों की गुप्त सूचना मिली थी। इसकी पुष्टि के लिए एक कॉन्स्टेबल को फर्जी ग्राहक बनाकर भेजा गया।

इसमें पुलिस टीम को गिरोह के बारे में पता चला। इसके बाद एक पुलिस टीम ने परिसर में छापेमारी की। पुलिस ने इस कार्रवाई के दौरान 5 महिलाओं को सुरक्षित छुड़ाया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि पुलिस टीम की ओर से भेजे गए नकली ग्राहक ने स्पा संचालक को पहले से पहचान वाले 1,800 रुपये के नोट दिए। रैकेट की ओर से उसे यौन सेवाओं के लिए एक महिला से मिलवाया गया। संकेत मिलने के बाद दिल्ली पुलिस ने छापेमारी की। इस छापेमारी के दौरान पुलिस को ऐसे सबूत मिले जिनसे स्पा में देह व्यापार संचालित किए जाने का पता चला। पुलिस टीम ने कथित संचालक सावेद अली उर्फ शबीर को गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई के दौरान पांच महिलाओं को वहां से छुड़ाया गया। पुलिस ने कहा कि महिलाओं की पहचान गोपनीय रखी गई है। वहीं एक अन्य मामले में दिल्ली क्राइम ब्रांच ने कुख्यात गैंगस्टर टिल्लू ताजपुरिया गैंग के दो शार्प शूटर को गिरफ्तार कर दिल्ली में एक संभावित गैंगवार की बड़ी साजिश को नाकाम कर दिया है। आरोपियों की पहचान होलंबी खुर्द निवासी विशाल पंडित (22) और दीपांशु (26) के रूप में हुई है। इनके कब्जे से दो अवैध सेमी-ऑटोमैटिक पिस्तौल, छह जिंदा कारतूस और वारदात में इस्तेमाल की जा रही एक कार बरामद की गई है। क्राइम ब्रांच के डीसीपी हर्ष इंदौरा के मुताबिक,11 जून को उनकी टीम को सूचना मिली थी कि टिल्लू गैंग के दो बदमाश अवैध हथियारों के साथ बाहरी उत्तरी दिल्ली क्षेत्र में मौजूद हैं और वे विरोधी गोगी गैंग के सदस्यों को निशाना बनाने की तैयारी कर रहे हैं। सूचना के आधार पर जाल बिछाकर दोनों आरोपियों को दबोच लिया गया। पूछताछ में खुलासा हुआ कि दोनों आरोपी टिल्लू ताजपुरिया की तिहाड़ जेल में हुई हत्या का बदला लेने की योजना का हिस्सा थे। जांच में सामने आया कि वे सोशल मीडिया के जरिए गैंग के अन्य सदस्यों के संपर्क में थे और विरोधी गैंग के लोगों की रेकी कर रहे थे। हालांकि टिल्लू की मौत के बाद गैंग की गतिविधियों का संचालन हिममत उर्फ चीकू कर रहा है, जो मकोका के एक मामले में पैरोल जंप कर फरार चल रहा है। जांच में यह भी खुलासा हुआ कि आरोपी विशाल पंडित का बड़ा भाई युद्धवीर उर्फ कालू पंडित एक सक्रिय बदमाश है और उसके नाम से अलग गैंग भी संचालित होती है। विशाल किशोरावस्था से ही आपराधिक गतिविधियों में शामिल रहा है और उसके खिलाफ हत्या के प्रयास, पुलिस पर फायरिंग, रंगदारी और आर्म्स एक्ट समेत कई गंभीर मामले दर्ज हैं। दीपांशु भी पहले कई आपराधिक मामलों में जेल जा चुका है।

# जनपद में उ0प्र0 लोक सेवा आयोग प्रयागराज द्वारा प्रवक्ता राजकीय इंटर कालेज(प्रा0)-2025 परीक्षा सकुशल हुई संपन्न

- एक पाली में आयोजित परीक्षा में 10214 परीक्षार्थी पंजीकृत,3139 परीक्षा में रहे उपस्थित, 7075 परीक्षार्थियों ने छोड़ी परीक्षा
- नगर के 25 परीक्षा केंद्रों पर पूर्ण पारदर्शिता और शांति पूर्वक कराने के उद्देश्य से केंद्र को किया गया सैनिटाइज़
- नकलविहीन सुचिता और शान्तिपूर्ण तरीके से परीक्षा को सम्पन्न कराए जाने के दृष्टिगत कंट्रोल रूम से की गई निगरानी
- समस्त परीक्षा केन्द्रों पर सीसीटीवी कैमरे सहित वॉइस रिकॉर्डर भी रहे क्रियाशील
- परीक्षा के दौरान सभी स्टेटिक मजिस्ट्रेट/सेक्टर मजिस्ट्रेट रहे केंद्रों पर रहे मौजूद



( यंग भारत न्यूज )

**झांसी।** अपर जिलाधिकारी शिव प्रताप शुक्ल एवं पुलिस अधीक्षक नगर श्रीमती प्रीति सिंह सहित जनपद में 25 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग प्रयागराज द्वारा प्रवक्ता (पुरुष-महिला) राजकीय इंटर कालेज(प्रा0) परीक्षा-2025 की लिखित परीक्षा दिनांक 14 जून 2026 को एक पाली में पूर्वाहन 09:30 से 11:30 बजे तक आयोजित होने वाली परीक्षा कि सुचिता को भ्रमण के दौरान किया सुनिश्चित।

परीक्षा के सकुशल निर्विघ्न और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाने के दृष्टिगत अपर जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक नगर ने बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, नेशनल हाफिज सिद्दीकी इंटर कॉलेज सहित अन्य परीक्षा केंद्रों का सत्यापन किया और प्रधानाचार्य कक्ष में बने कमांड कंट्रोल रूम का निरीक्षण करते हुए उन्होंने मौके पर कक्षाओं में लगे सीसीटीवी कैमरे से कक्ष में परीक्षा दे रहे छात्र छात्राओं को भी देखा तथा मिनट 2 मिनट रिकॉर्डिंग की जानकारी ली। नगर में उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग प्रयागराज द्वारा यू0 पी0 पीसीएस जीआईसी लेक्चर एग्जामिनेशन-2025 की लिखित परीक्षा एक पाली में 14 जून 2026 को 25 परीक्षा केंद्रों पर संपादित हुई। परीक्षा केंद्रों के निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रधानाचार्य अथवा केन्द्र व्यवस्थापकों के साथ परीक्षा केन्द्र में सीसीटीवी कैमरा, वॉइस रिकॉर्डर के साथ विद्युत व्यवस्था, पेयजल, शौचालय, रैम्प आदि की व्यवस्थाओं को देखा। परीक्षा केंद्र पर मोबाइल फोन, एंड्राइड फोन व अन्य इलेक्ट्रॉनिक गजट परीक्षा केंद्र के अंदर पूर्ण प्रतिबंधित रहे। परीक्षा से पूर्व परीक्षा केंद्र को सैनिटाइज़ किए जाने के लिए निर्देश। उन्होंने परीक्षार्थियों की जांच के दौरान ही अलग कक्ष में जमा कराने की व्यवस्था को भी देखा। नकल विहीन और स्वच्छता पूर्ण परीक्षा आयोजित कराने के संबंध में परीक्षार्थियों की तलाशी सावधानीपूर्वक ली गई, विशेष रूप से महिला परीक्षार्थियों की तलाशी महिला शिक्षिका द्वारा ही लिए जाने के निर्देश दिए। परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल की उपलब्धता, इसके अतिरिक्त सभी परीक्षा केंद्रों पर पुलिस के उच्च अधिकारियों द्वारा लगातार भ्रमण किए ज़ाने के निर्देश दिए। परीक्षा नोडल अधिकारी/अपर जिलाधिकारी प्रशासन श्री शिव प्रताप शुक्ल ने बताया कि उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग प्रयागराज द्वारा प्रवक्ता (पुरुष-महिला) राजकीय इंटर कॉलेज (प्रा0) परीक्षा-2025 परीक्षा में एक पाली में कुल 10214 परीक्षार्थी पंजीकृत हुए, जिसमें में 3139 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, 7075 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाए गए। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी शिव प्रताप शुक्ल,पुलिस अधीक्षक नगर श्रीमती प्रीति सिंह, डीआईओएस श्रीमती रती वर्मा सहित अन्य प्रशासनिक एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारी उपस्थित रहें।

# विश्व रक्तदान दिवस पर विभिन्न रक्तदान शिविरों में सहभागिता, विधायक रवि शर्मा ने किया रक्तदान



( यंग भारत न्यूज )

**झाँसी।** विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर झाँसी महानगर में आयोजित विभिन्न स्वैच्छिक रक्तदान शिविरों में उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए विधायक रवि शर्मा ने रक्तदान किया तथा लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक होने का संदेश दिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि रक्तदान केवल एक सामाजिक दायित्व नहीं, बल्कि मानव जीवन की रक्षा का सबसे प्रभावी माध्यम है। किसी भी व्यक्ति के द्वारा किया गया रक्तदान दुर्घटना, शल्य चिकित्सा, प्रसूति अथवा गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीजों के लिए जीवनदान साबित हो सकता है।

विश्व रक्तदान दिवस पर आई0एम0ए0 भवन, झाँसी में आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में विधायक रवि शर्मा ने कार्यकर्ताओ के साथ रक्तदान किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि रक्त का निर्माण किसी कारखाने में नहीं किया जा सकता और न ही इसका कोई कृत्रिम विकल्प उपलब्ध है इसलिए समाज के स्वस्थ एवं सक्षम लोगों को स्वेच्छा से रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि एक यूनिट रक्त तीन से चार मरीजों के उपचार में सहायक हो सकता है, इसलिए रक्तदान का महत्व अत्यंत व्यापक है। विधायक रवि शर्मा ने कहा युवाओं से विशेष रूप से आह्वान किया कि वे रक्तदान को सामाजिक आंदोलन का स्वरूप दें और नियमित रूप से रक्तदान कर मानवता की सेवा में अपना योगदान दें। उन्होंने कहा कि किसी अनजान व्यक्ति का जीवन बचाने से बड़ा पुण्य कार्य कोई नहीं हो सकता। इसके पश्चात प्रथम पहल सामाजिक संस्था के तत्वावधान में प्रभा होटल, झाँसी में आयोजित रक्तदान शिविर में भी विधायक रवि शर्मा सम्मिलित हुए। इस अवसर पर व्यापारी नेता श्री अशोक जैन, श्री संजय पटवारी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए विधायक रवि शर्मा ने कहा कि समाज में संवेदनशीलता और सेवा भाव को मजबूत करने के लिए ऐसे आयोजनों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इस अवसर पर व्यापारी नेता अशोक जैन, संजय पटवारी, डॉ0 बी0के0 गुप्ता, अंकित राजावत, विकल्प जैन, डॉ0 बी0बी0 दीक्षित, रानू देवलिया, सोनू उपाध्याय, सनी वर्मा, संतराम पेंटर, नवनीत दीक्षित, संजय चड्डा, गुड्डू शर्मा, रजत गोस्वामी आदि लोग उपस्थित रहे।

# 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अंतर्गत योग सप्ताह 15 से 21 जून तक भव्यता से होगा आयोजित

**-Yoga for Healthy Ageing' थीम पर आयोजित होगा योग सप्ताह एवं 12वॉ अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस**

**-15 जून सुबह 06 बजे अटल एकता पार्क में योग सप्ताह का होगा भव्य शुभारंभ:- क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी**

**-आईए हम सभी योग को अपनी जीवन शैली में अपनाकर संवहनीय विकास पर दें बल**

( यंग भारत न्यूज )

**झांसी।** क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ0 जगजीवन राम ने जनपद में 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर "योग सप्ताह" 15 से 21 जून 2026 जनपद में जानकारी देते हुए बताया कि दिनांक 15 जून को अटल पार्क में सप्ताह का शुभारंभ किया जाएगा।



उन्होंने कहा कि योग सप्ताह मनाए जाने का मुख्य उद्देश्य तभी सार्थक होगा जब आम जनमानस अपनी जीवन शैली में एक निरंतर प्रक्रिया के रूप में योग को आत्मसात करें। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग के प्रति लोगों को उत्साहित एवं प्रेरित किया जा सके, जिससे लोग योगाभ्यास को अपने दिनचर्या में शामिल करते हुए निरंतर योग्य अभ्यास करें और अपना जीवन स्वस्थ एवं सुखी बनाएं। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डाक्टर जगजीवन राम ने नगर के समस्त सम्मानी जनों को पंद्रह जून के होने वाले कार्यक्रम में आमंत्रित करते हुए बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आगामी 21 जून 2025 को मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में बृहद योगाभ्यास कार्यक्रम माननीय अतिथियों एवं उच्च अधिकारियों को आमंत्रित करते हुए 12वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस को सफलतापूर्वक आयोजित किया जायगा। जहॉ योग साधकों, विशिष्ट अतिथियों, महिलाआओं, बच्चों के बैठने की उत्तम व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि स्वस्थ रहने के लिए योग को जीवन में अपनाना जरूरी है, जब हम सब स्वस्थ रहेंगे तो हमारा देश स्वस्थ रहेगा, प्रगति करेगा इसके लिए जनपदवासियों को योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करते हुए नियमित योगाभ्यास अवश्य करना चाहिए। योग अभ्यास कर बीमारियों से बचा जा सकता है उल्लेखनीय है कि दिनांक 15 जून से 21 जून 2026 तक मनाये जाने वाले योग सप्ताह में जनपद के समस्त तहसीलों/नगर पालिका/नगर पंचायत/ब्लाकों एवं विद्यालयों सहित अन्य संगठनों द्वारा योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

# सदस्य विधान परिषद (MLC) श्रीमती रमा आर.पी. निरंजन जी के निज निवास पर एक विशेष प्रेस वार्ता आयोजित की गई, जिसमें झांसी के दो युवा उद्यमियों की ऐतिहासिक अंतरराष्ट्रीय उपलब्धि को साझा किया गया

( यंग भारत न्यूज )

**झाँसी।** झांसी स्थित स्टार्टअप 'फ्यूचरअर्थ डिजाइन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड' (FEDS) के सह.संस्थापक (co-founders) तन्मय करण और चिन्मय करण ने प्रतिष्ठित 'इंटरनेशनल टेरा कार्टा ग्रांट' (100,000 GBP) जीतकर न केवल झांसी का, बल्कि पूरे भारत का मान बढ़ाया है। यह ग्रांट लंदन, यूके की 'सस्टेनेबल मार्केट्स इनिशिएटिव'(SMI) द्वारा दिया जाता है, जिसे किंग चार्ल्स तृतीय ने 2021 में पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुरू किया था।

वैश्विक स्तर पर पहचान और WildWatch का कमाल

यह ग्रांट युवाओं के प्रोजेक्ट WildWatch के लिए दिया गया है। यह एक स्वदेशी तकनीक है, जिसे रात के समय सड़कों पर वन्यजीवों और वाहनों के बीच होने वाली टक्करों को रोकने के लिए विकसित किया गया है। रिपोर्ट्स के अनुसार, 2018 में अकेले 70 से अधिक तेंदुओं की सड़क दुर्घटनाओं में जान गई थी। तन्मय और चिन्मय ने इस समस्या को समझते हुए pro&imity sensors, microwave Doppler radar, long-range mesh network, GPS और solar power का उपयोग कर एक प्रभावी समाधान तैयार किया है। इस प्रतियोगिता में भारत भर से हजारों टीमों ने भाग लिया था। कड़े चरणों के बाद, चुनी गई टॉप 10 टीमों को लंदन भेजा गया,



जहाँ एप्पल (Apple) के मशहूर डिजाइनर सर जॉनी इवे (Sir Jony Ive) जैसे दिग्गज जूरी सदस्यों ने इसे निर्णायक रूप से सराहा। पिछले वर्ष, चिन्मय करण ने लंदन में आयोजित स्ब्ड्ढ इवेंट में किंग चार्ल्स तृतीय के समक्ष अपनी इस तकनीक को प्रस्तुत किया था।

माननीय MLC श्रीमती रमा आर.पी.निरंजन जी का मार्गदर्शन

इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए माननीय एमएलसी श्रीमती रमा आर0पी0 निरंजन जी और श्री आर.पी.निरंजन जी ने कहा कि झांसी के युवाओं का यह जुनून सराहनीय है। उनके प्रयासों से ही इन युवाओं को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी से मिलने का अवसर प्राप्त हुआ। इस मुलाकात के दौरान तन्मय करण ने अपनी अंतरराष्ट्रीय उपलब्धि और 'मेक इन इंडिया' व

भविष्य की राह: रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता

अपनी सफलता से उत्साहित FEDS अब रक्षा क्षेत्र में भी कदम रख रही है। कंपनी भारतीय सशस्त्र बलों के लिए स्वदेशी रक्षा उत्पाद विकसित कर रही है, जिनका उद्देश्य विदेशी उपकरणों पर निर्भरता को कम करना और पुराने (Soviet era) सिस्टम्स को आधुनिक तकनीक से बदलना है। कंपनी के पास इन उत्पादों के working proof concepts तैयार हैं। प्रेस वार्ता के दौरान माननीय श्रीमती रमा आर.पी. निरंजन जी ने कहा, 'यह झांसी के लिए गर्व का क्षण है। तन्मय और चिन्मय जैसे युवा न केवल तकनीक के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित कर रहे हैं, बल्कि देश की सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण में भी अपना योगदान दे रहे हैं। हमारा निरंतर प्रयास रहेगा कि हम ऐसे प्रतिभाशाली युवाओं को हर संभव मंच और सहयोग प्रदान करें।

# कबड्डी समर कैंप सीजन-7 का हुआ शुभारंभ, 81बालक-बालिकाएं ले रहे हैं प्रशिक्षण







( यंग भारत न्यूज )

**बांदा**, 1 जून 2026 से उत्तर प्रदेश कबड्डी एसोसिएशन से संबद्ध जिला कबड्डी एसोसिएशन बांदा द्वारा आयोजित 15 दिवसीय कबड्डी समर कैंप सीजन-7 का जिला कबड्डी एसोसिएशन बांदा के कोषाध्यक्ष सुनील सक्सेना, कब्बडी कोच/सचिव कमल सिंह यादव एवं भूत पूर्व सैनिक द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया।

1 जून से 15 जून तक चलने वाले इस प्रशिक्षण शिविर में कुल 81 बालक एवं बालिकाएं प्रतिभाग कर रहे हैं, जो अब तक के सभी समर कैंपों में सर्वाधिक संख्या है। इस शिविर में 7 वर्ष आयु वर्ग से लेकर सब-जूनियर नेशनल एवं सीनियर नेशनल स्तर के खिलाड़ी भी शामिल हैं। उद्घाटन अवसर पर खिलाड़ियों ने क्रॉस कंट्री रोड रनिंग में भाग लिया दौड़ का मार्ग जे.एन. कॉलेज से प्रारंभ होकर बिजली खेड़ा, कालूकुआं, बाबूलाल चौराहा, खूंटी चौराहा, अतर्रा चुंगी, नरैनी रोड, मेडिकल कॉलेज तक रहा तथा वापसी में इसी मार्ग से होते हुए जे.एन. कॉलेज कबड्डी ग्राउंड पर समाप्त हुआ। क्रॉस कॉन्ट्री के उपरांत सभी खिलाड़ियों को पौष्टिक आहार उपलब्ध कराया गया, जिसमें काजू, किशमिश, बादाम, मखाना, पिस्ता युक्त दूध, दलिया, ब्रेड-मक्खन, केले, चना, सोयाबीन, मूंगफली, मूंग एवं सलाद शामिल रहे। जिला कबड्डी एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बताया कि 15 दिनों तक चलने वाले इस शिविर में खिलाड़ियों को कबड्डी की तकनीकी बारीकियों के साथ-साथ अन्य खेल गतिविधियों एवं मनोरंजक कार्यक्रमों से भी जोड़ा जाएगा। ये कैंप बांदा सहित महोबा एवं चित्रकूट जनपद में भी किए जायेंगे।समर कैंप अपने सातवें सीजन में पहुंच चुका है और यहां से प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके लगभग एक दर्जन खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभाग कर चुके हैं।

खिलाड़ियों के लिए यह शिविर विशेष महत्व रखता है, क्योंकि यहां उन्हें पूरे वर्ष उपयोगी नई तकनीकों एवं खेल कौशल को सीखने का अवसर प्राप्त होता है। इस कारण बच्चों को हर वर्ष इस समर कैंप का बेसब्री से इंतजार रहता है। उद्घाटन समारोह में जिला कबड्डी एसोसिएशन बांदा के कोषाध्यक्ष सुनील सक्सेना, सचिव कमल सिंह यादव सहित अनेक खेल प्रेमी एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

# जिसके हल्के में अपराध घटित तो हल्का इंचार्ज जिम्मेदार होंगे-अजय ब्रह्म तिवारी

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी जालौन 14 जून।** प्रभारी निरीक्षक ने चौकी प्रभारियों एवं हल्का इचांर्जो की बैठक में जमकर पेच कसते हुए कहा कि जो भी कार्य आपको दिए जाते हैं उन कार्यों में सभी लोग खरे उतरकर शत प्रतिशत कार्यों को पूरा करने के निर्देश दिए।

रविवार की शाम कोतवाली कालपी कार्यालय में पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह के निर्देश पर प्रभारी निरीक्षक अजय ब्रह्म तिवारी ने बैठक मौजूद हल्का इचांर्जो से कड़े तेवर दिखाते हुए कहा कि जिनके पास विवेचनाएं लंबित चल रही है उन विवेचनाओं को समाप्त कर वांछित अभियुक्तों को शीघ्र गिरफ्तार कर जेल भेजने के निर्देश दिए उन्होंने पुलिस अधीक्षक के द्वारा दिए गए निर्देशों का जमकर पाठ पढ़ाया तथा दिए गए निर्देशों का कड़ाई से पालन कर कार्य प्रति सदैव खरे उतरने के निर्देश दिए उन्होंने फिर कड़े तेवर दिखाते हुए कहा कि कार्यों के प्रति किसी हल्का इंचार्ज ने बहाने बाजी की तो मैं बहाने बाजी को कतई बर्दाशत नहीं करूंगा मुझे हर हाल में दिए गए कार्यों को पूरा कर कोतवाली कार्यालय में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए उन्होंने महिला उत्पीड़न आइजीआरएस तहसील दिवस थाना दिवस अधिकारियों के द्वारा भेजे गए शिकायती पत्र किसी के पास लंबित है उनका समय से निस्तारण कर जांच आख्या सहित संबंधित पटल में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए बैठक में मौजूद वरिष्ठ उप निरीक्षक उदय प्रताप सिंह वरिष्ठ उप निरीक्षक राजेश सिंह टरननगज चौकी प्रभारी सुरेश चंद्र महमूदपुरा चौकी प्रभारी जितेंद्र सिंह चंदेल रावगंज चौकी प्रभारी विशाल भड़ाना ज्ञान भारती छौंक चौकी विपिन यादव उप निरीक्षक सूरजपाल सिंह उप निरीक्षक योगेंद्र सिंह उप निरीक्षक उपेंद्र शुक्ला उप निरीक्षक जगन्नाथ उप निरीक्षक इंद्रमणि चौधरी उप निरीक्षक रामजीलाल उप निरीक्षक दयाशंकर यादव उप निरीक्षक शीलेश कुमार दीवान लक्ष्मीकांत त्रिपाठी कंप्यूटर ऑपरेटर मुलायम सिंह कंप्यूटर ऑपरेटर विनीता कंप्यूटर ऑपरेटर अंकित वर्मा कंप्यूटर ऑपरेटर दीपेंद्र मिश्रा कंप्यूटर ऑपरेटर शैलेंद्र सिंह मुंशी वीरेंद्र डाक प्रधान लेखाकार राम सिंह आदि लोग मौजूद थे।

मालिक.मुद्रक, प्रकाशक, संपादक संजय श्रीवास्तव द्वारा सेलेक्ट ऑफसेट पता 17, सरकपुर सरैया, छठामील, बी०के०टी० लखनऊ उ0प्र0.226201, लखनऊ से मुद्रित एवं 20 कृष्णा नगर उरई जालौन से प्रकाशित प्रधान संपादक संजय श्रीवास्तव फोन न. +919415055318
(पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिमेदार सभी विवादों का न्याय क्षेत्र उरई जालौन न्यायालय के अधीन होगा। निदेशक अनिल शर्मा, प्रबंध संपादक इं० शिवम श्रीवास्तव RNI NO UPHIN/2011/39718